

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 18 मई 2025 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष -41 ■ अंक-050 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 19 मई 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### बाइक और हार्वेस्टर में टक्कर, तीन युवकों की मौत

**सक्ती,18 मई।** जिले के मालखरौदा थाना क्षेत्र में बाइक और हार्वेस्टर में भिड़ंत होने से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. यह घटना मालखरौदा से जैजैपुर मुख्य मार्ग पर मिशन



पेट्रोल पंप के पास शनिवार की रात को हुई. हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है. बाइक सवार तीनों मृतक ग्राम सतगढ़ निवासी बताए जा रहे हैं. हादसे की सूचना मिलते ही गांव में मातम पसर गया है. पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच कर रही.

### भारत-पाकिस्तान सीजफायर का आज अंतिम दिन

**नई दिल्ली,18 मई।** भारत-पाकिस्तान सीजफायर का आज अंतिम दिन है। 14 मई की बातचीत में संघर्ष विराम को 18 मई तक बढ़ाने पर सहमति बनी थी। ऐसे में लोगों के मन में ये चल रहा कि क्या सीजफायर खत्म होने के बाद दोनों देशों के बीच फुर से बॉर्डर पर संघर्ष शुरू हो सकते है? क्या पाकिस्तान पर भारत फिर कोई ऑपरेशन लॉन्च कर सकता है? इन्हीं सवालों के जवाब यहां जानने की कोशिश करते हैः- बता दें कि पाकिस्तान और भारत के बीच पहलगाम हमले और 9 आतंकी ठिकानों की जवाबी कार्रवाई के बाद हुए सीजफायर समझौते का आज आखिरी दिन है। 14 मई की बातचीत में संघर्ष विराम को 18 मई तक बढ़ाने पर सहमति बनी थी। सूत्रों के मुताबिक, 19 मई को एक बार फिर से डीजीएमओ की बातचीत हो सकती है, जिसके बाद ही ये साफ हो सकता है कि आगे दोनों देशो के बीच सीजफायर जारी रहेगा या नहीं। हालांकि बैठक को लेकर कुछ भी तय नहीं है। इधर पाक के डिप्टी पीएम इशाक डार ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि भारत-पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चले आ रहे सिंधु जल संधि विवाद का समाधान नहीं हुआ, तो संघर्षविराम समझौता खतरे में पड़ सकता है।

### सैटेलाइट की लॉन्चिंग असफल

**श्रीहरिकोटा,18 मई।** इसरो अपनी 101वीं ऐतिहासिक लॉन्चिग के दौरान बड़ा झटका लगा है। इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 101वां मिशन ईओएस-09 लॉन्च होने के कुछ समय बाद नाकाम हो गया। उन्होने बताया कि उड़ान के तीसरे चरण के दौरान एक तकनीकी समस्या उत्पन्न होने के बाद मिशन पूरा नहीं हो सका। अंतरिक्ष एजेंसी के अध्यक्ष वी नारायणन ने कहा कि इसरो रविवार को पीएसएलवी-सी61 रॉकेट पर पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का प्रक्षेपण नहीं कर सका, क्योंकि इसके तीसरे चरण में कुछ तकनीकी खामी आ गई थी, जिसका अवलोकन किया जा रहा है।

### जगदलपुर में चाकूबाजी

**जगदलपुर,18 मई।** शहर में अपराध की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं. शनिवार देर रात कृष्णा पेट्रोल पंप के सामने दो गुटों के बीच हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते उग्र हो गया. कहासुनी के बाद एक युवक ने चाकू निकालकर सामने खड़े युवक पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया. मौके पर युवकों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई. इस वारदात को पास से गुजर रहे एक कार सवार व्यक्ति ने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया. यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

# चारमीनार के पास गुलजार हाउस में आग, 8 बच्चों समेत 17 की जलकर मौत

**हैदराबाद,18 मई।** हैदराबाद में 17 लोग जिंदा जल गए हैं। सभी की मौत हो गई है। ऐतिहासिक चारमीनार के पास गुलजार हाउस में आग लगी है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया है। घटना आज सुबह करीब पांच से छह बजे के बीच की है। अभी तक आग के कारणों का पता नहीं चल सका है। इस घटना को लेकर केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने दुख जताया है. उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं बहुत दुखद है। मैं केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी से बात करूंगा और इस घटना में मारे गए लोगों के परिवारों को आर्थिक मदद दिलाने की हर संभव कोशिश करूंगा। वहीं, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अधिकारियों से राहत कार्य तेज करने व घायलों को सर्वोत्तम उपचार सुनिश्चित करने को कहा है। जानकारी के



मुताबिक दमकल विभाग को सुबह साढ़े छह बजे चारमीनार के पास स्थित गुलजार हाउस में आग लगने की सूचना मिली। सूचना के बाद 10 से ज्यादा फायर ब्रिगेड गाड़ियों को घटनास्थल रवाना किया गया। वहीं घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए 10 एंबुलेंस भी बुलाई गईं। काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक 17 लोगों की जान जा चुकी थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं और कई लोग आग की चपेट में आकर झुलस गए हैं। अग्निशमन दल ने काफी मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया है। फिलहाल फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां और करीब एक दर्जन एंबुलेंस घटनास्थल पर मौजूद हैं। बचाव दलों ने 3 बच्चों समेत 14 लोगों को इमारत से बाहर निकाल लिया है। हालांकि, ये सभी बुरी तरह झुलसे हुए हैं और इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोगों के मुताबिक इस इमारत में 30 से अधिक लोग रह रहे थे, जिनमें ज्यादातर किराएदार थे। वहीं तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने घटना पर दुख जताया है और कहा कि उन्होंने अधिकारियों से राहत प्रयासों को बढ़ाने और घायलों को सर्वोत्तम उपचार सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

### प्रधानमंत्री और नेताओं की प्रतिक्रिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ितों के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर लिखा, "हैदराबाद, तेलंगाना में आग की त्रासदी से जानमाल के नुकसान से गहरा दुख हुआ है। जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।"

पुलिस और दमकल विभाग की शुरुआती में जांच में जो बातें पता चला ही हैं उसके मुताबिक अंदेशा है कि ये आग एसी में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से लगी है। हालांकि, जांच पूरी होने के बाद ही ये मालूम चल पाएगा कि आखिर आग किस वजह से लगी है।

### नक्सल विरोधी अभियान पर गृहमंत्री विजय शर्मा का बड़ा आरोप

# राहुल गांधी की भूमिका संदिग्ध, मेरे पास है प्रमाण

**जगदलपुर,18 मई।** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई जारी है. नक्सलियों की मांद माने जाने वाले कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर सुरक्षा बल एक बड़ा अभियान छेड़े हुए हैं. ऐसे समय में छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पीठ पीछे गड़बड़ी करने का गंभीर आरोप लगाया है. इस अभियान में तेलंगाना सरकार से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने के सवाल पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उन्हें शक है कि राहुल गांधी "पीठ पीछे गड़बड़" कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि नक्सलवाद देश के सबसे बड़े संकटों में से एक है, और इसमें भी राहुल गांधी की भूमिका संदिग्ध लगती है. मेरे पास इसके प्रमाण मौजूद हैं, जिनके आधार पर मैं यह बात कह रहा हूं.बता दें कि बीजापुर और तेलंगाना सीमा पर स्थित कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में 21 दिनों तक चले ऑपरेशन ब्लैक फारेस्ट में 31 वर्दीधारी माओवादी मारे गए. मुठभेड़ों के दौरान 35 हथियार, 450 आईईडी , सैकड़ों बंकर और माओवादियों की तकनीकी इकाइयां भी नष्ट की गई है. 21 अप्रैल से 11 मई के दौरान कुल 21 मुठभेड़ों में 16 वर्दीधारी महिला माओवादी समेत कुल 31 वर्दीधारी माओवादियों के शव और 35 हथियार बरामद किए गए हैं. प्रारंभिक



जांच से संकेत मिलता है कि मुठभेड़ स्थल से बरामद शव प्रतिबंधित और अवैध सीपीआई माओवादी संगठन अंतर्गत पीएलजीए बटालियन नंबर 01, तेलंगाना राज्य समिति, दंडकारण्य विशेष जोनल समिति के माओवादी कैडर्स हैं. इस अभियान में अब तक कुल 216 माओवादी ठिकाने और बंकर नष्ट किए गए. उपरोक्त माओवादी ठिकाने और बंकर से तलाशी अभियानों के दौरान कुल 450 नग आईईडी, 818 नग बीजीएल शेल, 899 बंडल कार्डेक्स, डेटोनेटर और भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद किए गए.

### पाकिस्तान भारत की तर्ज पर अपने सांसदों के डेलिगेशन को भी भेजेगा विदेश

**करांची,18 मई।** पहलगाम आतंकी हमले में पकिस्तान की भूमिका और उसके रिएक्शन में भारत द्वारा चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया को ब्रीफिंग देने अलग अलग देशों में भारत अपना सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने जा रहा है। भारत की इस घोषणा के कुछ घंटों बाद ही पाकिस्तान ने भी पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी के नेतृत्व में एक अंतरराष्ट्रीय टीम भेजने की योजना का खुलासा किया है। इससे पहले भारत सरकार ने कहा है कि वह उत्तर अमेरिका, यूरोप और पश्चिम एशिया की प्रमुख राजधानियों में प्रतिनिधिमंडल भेजेगा.

# डोनाल्ड ट्रंप का 'जेहादी प्रेम'

**वाशिंगटन,18 मई।** डोनाल्ड ट्रंप ने विश्व से आतंकवाद का खात्मा करने के प्रण के साथ अमेरिका की सत्ता में वापसी की थी। हालांकि आज हालात यह है कि ट्रंप अब अपने फायदे के लिए उन्हीं आतंकवादियों के सामने झुक गए हैं। जी हां.. डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर अमेरिका का 'जेहादी प्रेम' दिखाते हुए दो जिहादियों इस्माइल रॉयर और शेख हमजा को व्हाइट हाउस के धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के सलाहकार बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया है। इसमें से एक लिंक लश्कर और अल-कायदा से रहा है। यह खुलासा सबसे पहले पत्रकार लॉरा लूमर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर किया है। इस खुलासे से ट्रंप और पश्चिमी जगत की आतंक पर दोहरी नीति एक बार फिर से उजागर हुआ है इस्माइल रॉयर आतंकवादी गतिविधियों में शामिल रहने के आरोप लल चुके हैं। इनमें अमेरिका के खिलाफ युद्ध की साजिश रचना और 2003 में अल-कायदा और लश्कर-ए-तैयबा को सहायता प्रदान करना शामिल था।वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, 2004 में उसने हथियारों और विस्फोटकों के उपयोग में सहायता करने और उन्हें बढ़ावा देने का अपराध स्वीकार किया था। रॉयर आतंकवाद से संबंधित आरोपों में 13 साल जेल में बिता चुका है। व्हाइट हाउस ने रॉयर को अपने एडवाइजरी बोर्ड ऑफ ले लीडर्स में शामिल करने का ऐलान करते हुए उसके बारे में लिखा कि उसने पारंपरिक इस्लामी विद्वानों के साथ धार्मिक विज्ञान का अध्ययन किया है और गैर-लाभकारी इस्लामी संगठनों में एक दशक से अधिक समय तक काम किया है। उसने 1992 में इस्लाम धर्म अपना लिया था। इसमें आगे कहा गया है कि उसका लेखन कई प्रकाशनों में प्रकाशित हुआ है और उसने इस्लाम पर एक लेख



'रिलीजियस वायलेंस टुडेः फेथ एंड कॉन्फ्लिक्ट इन मॉडर्न वर्ल्ड' का सह-लेखन भी किया है। 2023 में मिडिल ईस्ट फोरम के साथ बातचीत में रॉयर ने अपनी यात्रा को याद किया था कि कैसे वह जिहादी बना। उसने लश्कर-ए-तैयबा के साथ अपने संबंधों के बारे में कहा था, 'मुझे लश्कर-ए-तैयबा के लोग पसंद थे। मैं बिन लादेन का बहुत विरोधी था। मुझे लगता था कि अल कायदा एक भटका हुआ समूह है। मुझे लश्कर-ए-तैयबा में जाने की सलाह दी गई और बताया गया कि यह कोई चरमपंथी समूह नहीं है, बल्कि इनका झुकाव सऊदी अरब के इमाम की ओर है। मैंने मस्जिद में मुसलमानों को लश्कर में शामिल होने और उनके साथ (कश्मीर में) प्रशिक्षण लेने के लिए प्रोत्साहित किया। एक फोटोग्राफर और एक शिक्षक के बेटे, रान्डेल टोड रॉयर का पालन-पोषण सेंट लुईस में हुआ, जहां छोटी उम्र में ही वह चरमपंथ की ओर आकर्षित हो गया था।

# आईएमएफ ने कर्ज देने से पहले ही पाक पर लगा दी 11 नई शर्तें

**करांची,18 मई।** अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने अपने राहत कार्यक्रम की अगली किस्त जारी करने के लिए पाकिस्तान पर 11 नई शर्तें लगाई हैं। इसके साथ ही आईएमएफ ने पाकिस्तान को चेताया है कि भारत के साथ तनाव से योजना के राजकोषीय, बाह्य और सुधार लक्ष्यों के लिए जोखिम बढ़ सकते हैं। रविवार को मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई है। आईएमएफ ने ऐसी शर्तें लगाई हैं जिसके तहत उसे खर्च और बजट की सारी जानकारी आईएमफ को देनी होंगी। इसके अलावा विकास कार्यों पर 10700 अरब से ज्यादा खर्च करना होगा। ऐसे में जाहिर है कि सेना और आतंकियों पर खर्च करने वाला पाकिस्तान सकते में आ जाएगा। वह खुलकर सेना पर खर्च नहीं बढ़ा पाएगा। पाकिस्तान पर लगाई गई नई शर्तों में 17,600 अरब रुपये के नए बजट को संसद की मंजूरी, बिजली बिलों पर ऋण



भुगतान अधिभार में वृद्धि और तीन साल से अधिक पुरानी कारों के आयात पर प्रतिबंध को हटाना शामिल है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि आईएमएफ द्वारा शनिवार को जारी कर्मचारी स्तर की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से इस कार्यक्रम के राजकोषीय, बाह्य और सुधार लक्ष्यों के लिए जोखिम बढ़ सकते हैं।' रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पिछले दो सप्ताह में पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव काफी बढ़ गया है, लेकिन अबतक, बाजार की प्रतिक्रिया मामूली रही है और शेयर बाजार ने अपने हाल के अधिकांश लाभ को बरकरार रखा है। आईएमएफ की रिपोर्ट में अगले वित्त वर्ष के लिए रक्षा बजट 2,414 अरब रुपये रुपये दिखाया गया है, जो 252 अरब रुपये या 12 प्रतिशत अधिक है। आईएमएफ के अनुमान की तुलना में सरकार ने इस महीने की शुरुआत में भारत के साथ टकराव बढ़ने के बाद रक्षा क्षेत्र के लिए 2,500 अरब रुपये या 18 प्रतिशत अधिक आवंटित करने का संकेत दिया है। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में छह और सात मई की दरमियानी रात को पाकिस्तान में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत आतंकी ठिकानों पर हमले किए। इसके बाद पाकिस्तान ने भी आठ, नौ और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया। 10 मई को दोनों देशों के बीच सैन्य कार्रवाई को रोकने पर सहमति बनी। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट में कहा गया है कि आईएमएफ ने पाकिस्तान पर अब 11 और शर्तें लगाई हैं। इस तरह पाकिस्तान पर अबतक 50 शर्तें लगाई जा चुकी हैं। नई शर्तों के तहत अगले वित्त वर्ष के बजट के लिए संसद की मंजूरी शामिल है। आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान का कुल बजट आकार 17,600 अरब रुपये का है। इसमें से 1,0700 अरब रुपये विकास कार्यों के लिए होंगे। प्रांतों पर भी एक नई शर्त लगाई गई है। इसमें चार संघीय इकाइयां एक व्यापक योजना के माध्यम से नए कृषि आयकर कानूनों को लागू करेंगी, जिसमें रिटर्न प्रसंस्करण, करदाता पहचान और पंजीकरण, संचार अभियान और अनुपालन सुधार योजना के लिए एक परिचालन मंच की स्थापना शामिल है।

# पाकिस्तान की बजाए नरक जाना पसंद करूंगा : जावेद अख्तर

मुंबई,18 मई। गीतकार जावेद अख्तर ने मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) के एक कार्यक्रम में कहा कि अगर उन्हें नरक और पाकिस्तान में से किसी एक को चुनना पड़े तो वह नरक जाना पसंद करेंगे। अख्तर की यह टिप्पणी सोशल मीडिया पर दोनों पक्षों (भारत और पाकिस्तान) की आलोचना के बीच आई है। गीतकार ने कहा कि कुछ ट्रोल उन्हें नरक जाने के लिए कहते हैं, जबकि इंटरनेट का एक वर्ग चाहता है कि वह पाकिस्तान चले जाएं। इस पर उन्होंने कहा कि वह नरक चुनेंगे। मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत की किताब नरकतला स्वर्ग (स्वर्ग में दलदल) के लॉन्च इवेंट में दर्शकों को संबोधित करते हुए जावेद ने बताया कि पिछले कुछ सालों में उनके मुखर स्वभाव के कारण उन्हें लोगों की आलोचना का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा, 'दोनों तरफ के लोग मुझे गाली देते हैं। यह एकतरफा नहीं है। अगर मैं यह स्वीकार नहीं करता कि ऐसे लोग भी हैं जो मेरी सराहना करते हैं, तो मैं बहुत कृतघ्न हो जाऊंगा। बहुत से लोग मेरा समर्थन करते हैं, मेरी प्रशंसा करते हैं और मुझे प्रोत्साहित करते



हैं। लेकिन यह भी सच है कि इस तरफ के कट्टरपंथी भी मुझे गाली देते हैं और उस तरफ के कट्टरपंथी भी मुझे गाली देते हैं। यह सच्चाई है।' उन्होंने आगे कहा, 'अगर उनमें से एक भी गाली देना बंद कर दे, तो मुझे चिंता होगी कि मैं क्या गलत कर रहा हूं। एक कहता है कि मैं काफिर हूं और नरक में जाऊंगा। दूसरा कहता है कि मैं जिहादी हूं और मुझे पाकिस्तान जाना चाहिए। इसलिए अगर मेरे पास केवल पाकिस्तान और जहन्नम यानी नरक है, तो मैं नरक में जाना पसंद करूंगा।' हाल ही में जावेद ने केंद्र सरकार से पहलगाम हमले में पाकिस्तान के कथित संबंधों के लिए उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया था। जावेद को ग्लोरियस महाराष्ट्र फेस्टिवल के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया था। एएनआई के अनुसार उन्होंने कहा था, 'यह सिर्फ एक बार नहीं बल्कि कई बार हुआ है। मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह तत्काल कदम उठाए। सीमा पर कुछ पटाखे फोड़ने से काम नहीं चलेगा। अब कोई ठोस कदम उठाएं। कुछ ऐसा करें कि वहां (पाकिस्तान) का पागल सेना प्रमुख, कोई समझदार व्यक्ति उनके जैसा भाषण न दे सके।' जावेद ने कहा, 'वह कहते हैं कि हिंदू और मुसलमान अलग-अलग समुदाय हैं।




### भारतीय सेना ने जारी किया ऑपरेशन सिंदूर का नया वीडियो

**नई दिल्ली,18 मई।** ऑपरेशन सिंदूर का नया वीडियो भारतीय सेना ने जारी किया है। इस वीडियो में पाकिस्तानी चौकियों और बंकरों को ध्वस्त और जमींदोज होते हुए देखा जा सकता है। वीडियो को सेना की वेस्टर्न कमांड ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर जारी किया है। पोस्ट में लिखा – 'योजना बनाई, ट्रेनिंग की और मिशन पूरा किया। न्याय मिला।सेना ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के लिए वो सबक था, जो उसने दशकों से नहीं सीखा। अब हम ऐसा सबक सिखाएंगे, इनकी पीढ़ियां याद रखेंगी। सेना ने अपने वीडियो में कहा, "ये शुरुआत पहलगाम आतंकवादी हमले से हुई. गुस्सा नहीं लावा था। दिमाग में बस एक ही बात- अबकी बार सबक ऐसा सिखाएंगे कि उसकी पीढ़ियां याद रखेंगी।

# बच्चे को बचाने बाघ से भिड़ गई मादा भालू

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने अपने सोशल मीडिया पर इस वीडियो को साझा करते हुए बताया कि यह छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के पांगुड़ गांव का है. उन्होंने वीडियो शेयर करते हुए लिखा- "मां आखिर मां होती है. उन्होंने जानकारी देते हुए लिखा कि अबूझमाड़ के पांगुड़ में बन रही नई सड़क के बीच में मादा भालू अपने बच्चे को टाइगर से बचाने भिड़ गई. " बता दें, यह हैरान कर देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक मादा भालू अपने बच्चे को बचाने के लिए एक बाघ से भिड़ जाती है. मादा भालू इतनी आक्रामक है कि बाघ को वहां से दुम दबाकर भागना पड़ता है. यह वीडियो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है. इसे लेकर लोग अलग-अलग स्थानों का दावा कर रहे थे. लेकिन मंत्री कश्यप ने वीडियो जारी करते हुए इस वीडियो को अबूझमाड़ की जंगलों का बताया है. मंत्री केदार कश्यप ने आगे लिखा- "मां की ममत्व के आगे टाइगर को वहां से भागना पड़ा। इस दृश्य अबूझमाड़ के स्थानीय ग्रामीण ने अपने मोबाइल में कैद किया है." मंत्री द्वारा वीडियो की जानकारी देने से पहले कुछ लोगों ने इसे छत्तीसगढ़ के नारायणपुर का बताया था. हालांकि अब प्रदेश के वन मंत्री द्वारा जानकारी जारी होने के बाद स्पष्ट हो गया है कि यह वीडियो अबूझमाड़ के दुर्गम इलाकों की है. यह वीडियो एक मां के साहस को दर्शाता है, कि जब बच्चे पर कोई आंच आती है तो मां किसी से भी लड़कर अपने बच्चे को बचाती है, फिर सामने बाघ या शेर ही क्यों न हो.



# यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला

**मास्को,18 मई।** रूस ने यूक्रेन पर अपनी अब तक की सबसे बड़ी ड्रोन बमबारी की है। यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि यह हमला युद्ध की शुरुआत से अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला है। हमले के बाद यूक्रेनी शहरों में तबाही के मंजर सामने आए हैं। हमले में कीव क्षेत्र में कम से कम एक महिला की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए हैं। यूक्रेनी अधिकारियों ने रविवार को इसकी जानकारी दी। इस हमले में रूस ने 273 ड्रोन दागे। यूक्रेन की वायु सेना के अनुसार, रूस ने अधिकतर हमले कीव के केंद्रीय क्षेत्र और देश के पूर्वी हिस्सों ड्निप्रोपेत्रोव्स्क व डोनेस्क क्षेत्रों को निशाना बनाया। इससे पहले फरवरी 2025 में रूस ने 267 ड्रोन हमले किए थे, जो तब का रिकॉर्ड था। हाल



ही में इस्तांबुल में रूस-यूक्रेन के बीच तीन साल बाद हुई शांति वार्ता विफल रही। दोनों पक्षों ने केवल कैदियों के आदान-प्रदान का समझौता किया, लेकिन युद्ध विराम पर कोई सहमति नहीं बन पाई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से बातचीत करने का ऐलान किया है। रविवार की तड़के चली लगातार हमलों में कीव क्षेत्र के ओबुखिव जिले में 28 वर्षीय एक महिला की मौत हुई जबकि एक 4 साल का बच्चा समेत कम से कम तीन लोग घायल हुए। घायल सभी अस्पताल में भर्ती हैं। इस हमले में कई आवासीय इमारतें भी क्षतिग्रस्त हुईं। यूक्रेनी वायु रक्षा बलों ने 88 ड्रोन मार गिराए, जबकि 128 नकली ड्रोन बिना किसी नुकसान पहुंचाए गिर गए। कीव और इसके आसपास के क्षेत्रों में नौ घंटे तक हवाई हमले की चेतावनी जारी रही। यूक्रेन के डिसइन्फॉर्मेशन सेंटर के प्रमुख आंद्रेई कोवालेन्को ने कहा, "रूस ने हमेशा वार्ता के समय धमकाने के लिए युद्ध का सहारा लिया है।" पिछले दिन भी रूस के ड्रोन हमले में यूक्रेन के सुमी क्षेत्र में एक बस पर हमला हुआ था, जिसमें नौ आम नागरिक मारे गए थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने इसे

एक नजर

## जहाँ आने में लोगों की रूह कांप जाती थी आज ग्रामीण लगा रहे हैं विकास की गुहार



**सुकमा, 18 मई।** आज सुकमा जिला के विकास खंड कोंटा के सम्पूर्ण नक्सल प्रभावित ग्राम पंचायत सिलगेर में सुशासन तिहार का समाधान शिविर नक्सल प्रभावित ग्राम सिलगेर में हुआ सम्पन्न तहसीलदार, जनपद सीईओ, अनेक जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिक व जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी,कर्मचारियों की उपस्थिति में कलस्टर पंचायत में शामिल 5 पंचायतों के ग्रामीणों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। शिविर में विभागीय अधिकारियों ने बारी-बारी से मंच पर आकर अपने विभाग से संबंधित प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या, आवेदक का नाम, निराकृत आवेदनों एवं खारिज किए गए आवेदनों की जानकारी विस्तार से दी। इस समाधान शिविर में पंचायतों के ग्रामीणों को उनके आवेदन निराकरण की स्थिति से अवगत कराया गया। ग्रामीणों द्वारा मांग से संबंधित आवेदनों में मुख्य रूप से पीएम आवास, पेयजल की समस्या, वन अधिकार पत्र, फौती, बटवारा, नामांतरण, अहाता निर्माण, नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र, महतारी वंदन योजना का लाभ, मुर्गी पालन, बकरी पालन, सीसी रोड, मिट्टी-मुरूम रोड, नाली, पुलिया आदि मांग शामिल है।

## डॉक्टर ने घर में फांसी लगाई



**भिलाई, 18 मई।** भिलाई के छावनी थाना क्षेत्र के टाटा लाइन में एक आयुर्वेदिक डॉक्टर ने अपने घर पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक डॉ बीके राठौर कांकेर जिले के चारामा ब्लॉक के पुरी गांव में पदस्थ थे। कुछ दिन पूर्व एक आदिवासी युवती के साथ डॉक्टर का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था इसके बाद वे दो दिन पहले अपने भिलाई अपने घर वापस आ हुआ था।पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।बीती रात को डॉक्टर ने अपने घर के खिड़की में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही शव को पीएम कलिए भेज दिया। पुलिस को जांच के दौरान डॉक्टर के कमरे से सुसाइडल नोट मिला है जिसमे वायरल वीडियो से आहत होकर आत्महत्या करने का जिक्र है। मृतक डॉक्टर का एक युवती के संग आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुआ था। युवती ने डॉ राठौर पर इलाज के नाम ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया था। वही युवती ने डॉक्टर के खिलाफ पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई थी। डॉक्टर परेशान होकर दो दिन पहले भिलाई आ गए थे। संभवतः डॉ राठौर ने चारामा से भिलाई आकर बदमानी के डर से आत्मघाती कदम उठाने बात सामने आ रही है पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि छावनी थाना क्षेत्र में एक आयुर्वेदिक डॉक्टर ने अपने घर को खिड़की में सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कार्यवाही कर पीएम के लिए भेज दिया है पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

## सेक्टर-6 पेट्रोल पंप 24 घंटे खुला रहेगा



**भिलाई, 18 मई।** भिलाई पुलिस वेलफेयर दुर्ग द्वारा भिलाई टाउनशिप के सेक्टर 6 में संचालित पेट्रोल पंप अब 24 घंटे खुला रहेगा दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने इस संबंध में आदेश जारी किया है डीएसपी पुलिस लाइन चंद्र प्रकाश तिवारी ने बताया कि अभी सेक्टर - 6 का पुलिस पेट्रोल पंप रात 11 बजे बंद कर दिया जाता है जिससे देर रात को इंधन की जरूरत पड़ने पर लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है खासकर सेक्टर - 9 अस्पताल में देर रात आने जाने वाले वाहन चालकों को पेट्रोल और डीजल की जरूरत के लिए भटकना पड़ रहा था। लेकिन अब इस पेट्रोल पंप को दिन रात पूरे समय खुला रखने का निर्णय लिया गया है। इससे इंधन की जरुरत पड़ने पर वाहन चालकों को तत्काल राहत मिलेगी।

## मोबाइल,बैग छीनने वाले पकड़ाए



**भिलाई, 18 मई।** भिलाई राहगीरों से मोबाइल, बैग छिनकर फरार होने वाले युवक व तीन अपचारी बालकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 304 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि श्याम नगर केम्प-2 निवासी टेक प्रताप बंजारे ने जामुल पुलिस थाने में शिकायत किया था 16 मई की रात बहन को लेकर शिवपुरी जामुल छोड़ने जा रहा था इस दौरान एसीसी अंडर ब्रिज के आगे नहर रोड पर कुछ युवक खडे थे। युवकों ने धक्का देकर पीड़ित की बहन का बैग, मोबाईल झपट कर अपने साथ लेकर फरार हो गएदूसरी वारदात उसी रात शिवपुरी जामुल निवासी गणेश राम निषाद के साथ हुआ था। पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए संदेहियों की तलाश में जुट गई संदेही रूपेश भारती उर्फ तोता को पकड़ा गया आरोपी से पूछताछ करने पर घटना को तीन अपचारी बालकों के साथ मिलकर घटना करना स्वीकार किया

# नगर पंचायत इंदौरी में सेना के शौर्य के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 18 सितंबर ।** दिनांक 17.5.2025 दिन शनिवार को हमारे इंदौरी मंडल के नगर पंचायत इंदौरी में पाकिस्तानी आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब पर ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता एवं हमारी भारतीय सेना के अदम्य साहस शोर्य का सम्मान में वृहद तिरंगा यात्रा विधायक कार्यालय से भारत माता चौक तक निकली ।जिसमे मुख्य रूप से उपस्थित रहे सम्माननीय सिताराम साहू जिला संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ श्रीमती मित्रीन बाई मांहगी लाल मांडले अध्यक्ष नगर पंचायत इंदौरी, जशवंत साहू जी उपाध्यक्ष नगर पंचायत इंदौरी, मुकेश सिन्हा उपाध्यक्ष भाजपा इंदौरी मंडल, इंदल सिंह घृतलहरे मंडल कार्यकारणी सदस्य , हिमचंद सिन्हा , कमलेश कोसले, उमेन्द बघेल ,नारद साहू , रामसुख जायसवाल , राधेश्याम डहरिया, भारत साहू ,राजेश सिंहा,दुर्गा संजू साहू , मिलपी टंडन, दाऊराम छेडावी, रोहित मेरावी, परसोत्तम साहू ,बिहारी साहू, गोरेलाल साहू, सुखमणि विद्या गिरी गोस्वामी, तनुजा नंद आडीले , योगेश्वर साहू,दुर्गा साहू ,मोगरा साहू, संगीता साहू ,रजनी साहू, निर्मला साहू ,प्रमिला साहू ,लक्ष्मी साहू, गुलाबा निर्मलकर, लक्ष्मी साहू मनीषा, सिंहा सुलोचना सिंहा गीता सिंहा कंपा सिंहा देवकी गोस्वामी ,दोहारा साहू एवं नगर पंचायत इंदौरी के ग्रामवासी भाजपा कार्यकर्ता गण के उपस्थिति में कार्यक्रम सफल हुआ ।

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने ग्राम सेमरहा में 25 लाख रुपए के अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 18 मई।** पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने ग्राम सेमरहा में जनता की मूलभूत सुविधाओं के मद्देनजर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण योजना के तहत 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन, सीसी रोड और मुक्तिधाम सह शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर ग्रामवासियों को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने विगत वर्ष वनांचल क्षेत्र बहपानी में हुए दुखद सड़क दुर्घटना में दिवंगत ग्राम सेमरहा निवासियों के वार्षिक श्राद्ध एवं स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुई और बच्चों से मुलाकात उनका हालचाल जाना साथ ही उनकी पढ़ाई व विभिन्न विषयों पर उनसे संवाद कर प्रोत्साहित किया।इस अवसर पर श्रीमती भावना बोहरा ने बताया कि हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों को बेहतर सुविधा,साधन और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए विकास कार्यों और अधोसंरचना निर्माण कार्य आज दुगुनी रफ़्तार से हो रहें हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के कुशल मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की डबल इंजन भाजपा सरकार हमारे सुदूर और वनांचल क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। आज इसी कड़ी में ग्राम सेमरहा में 25 लाख रुपए के अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया, जिससे क्षेत्रवासियों को सुविधा और लाभ मिलेगा। हमारे वनांचल क्षेत्रों के विकास और जनजातीय समुदाय के लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जिस प्रकार हमारी सरकार निरन्तर प्रयास कर रही है उसके सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिख रहें है। आज गाँव-गाँव में पक्की सड़कों का निर्माण हो रहा है, जल जीवन मिशन से शुद्ध पानी पहुँच रहा है, पर्याप्त बिजली की आपूर्ति से हर गाँव रोशन हो रहा है, महतारी वंदन योजना से महिलाएं सशक्त हो रही हैं, पक्के आवास मिल रहें हैं, भूमिहीन किसानों को आर्थिक सहायता मिल रही है, योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन और प्रत्यक्ष रूप से लाभ ?म जनता को मिल रहा है, ये सभी विष्णु के सुशासन एवं डबल इंजन सरकार में ही सार्थक हो रहें हैं। उन्होंने आगे कहा कि अन्त्योदय के मूल मंत्र और सबका साथ,विकास के लक्ष्य के साथ हमारा प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास हो, वहां की तस्वीर बदले, मूलभूत एवं आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था हो जिससे लोगों का जीवनस्तर बेहतर हो। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति दीपा पप्पू धुर्वे सहित ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## तिरंगा रैली निकाली

**भिलाई।** भिलाई चरोदा निगम द्वारा तिरंगा रैली निकालकर भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य का जयघोष किया गया। आपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश के वीर सैनिकों के पराकम का अभिनंदन किया गया।छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन दुर्ग से प्राप्त निर्देशानुसार दिनांक 17 मई 2025 को भिलाई चरोदा निगम प्रशासन की ओर से तिरंगा रैली यात्रा आयोजित की गयी। जिसमें जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों, शहर के गणमान्य प्रबुद्ध नागरिकों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।महापौर निर्मल कोसरे एवं सभापति कृष्णा चंद्राकर की अगुवाई में सुबह 10 बजे से तिरंगा रैली यात्रा का आगाज किया गया। निगम कार्यालय से प्रारंभ हुयी तिरंगा रैली भारत माता के जयघोष एवं तिरंगे झंडे को सलामी देते हुए शहर के अनेकों स्थानों पर पहुंची। यहाँ उल्लेखनीय है कि निगम द्वारा निकाली गयी तिरंगा रैली नगर भ्रमण यात्रा में भिलाई 3 एवं चरोदा में रहने वाले नागरिकों ने सैकडों की संख्या में अपनी सहभागिता प्रदान की। साथ ही जगह जगह रैली का उत्साहवर्धन लोगों द्वारा किया गया। हिन्दूस्तान जिंदाबाद और हम सेना के साथ है के नारों से शहर की फिजा में राष्ट्रप्रेम उमडता देखा गया। अन्नापुर्णा भवन से जैन मंदिर के रास्ते बाजार मार्ग होते हुए मुख्य सड़क पर आने के बाद सेंट्रल बैंक आफ इंडिया से बढ़ते हुए पुलिस थाना भिलाई 3 के सामने से होकर निगम कार्यालय में रैली का समापान किया गया।

# आरपीएफ ने टिकट दलाल को किया गिरफ्तार

**भिलाई, 18 मई।** भिलाई गर्मी के मौसम में स्कूल की छुट्टियों के चलते रेल यात्रियों की संख्या बढ़ने से कंफर्म टिकट को लेकर मारामारी बढ़ जाती है। सामान्य तौर पर रेलवे की वेबसाइट पर कंफर्म टिकट बुक करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में इस स्थिति का लाभ उठाते हुए टिकट दलालों ने सक्रियता बढ़ा दी है और यात्रियों को कंफर्म टिकट दिलाने के नाम पर अवैध तरीके से काम करने लगे हैं। आरपीएफ भिलाई ने ऐसे ही एक टिकट दलाल को धरदबोचा है। आरोपी अपनी पर्सनल यूजर आईडी से लोगों को कंफर्म टिकट बनाकर देता था।

?आरपीएफ क्राईम ब्रांच भिलाई के रेल आरक्षित टिकट दलालों के विरूद्ध धरपकड एवं चेकिंग अभियान के दौरान लेबर कैम्प जामुल, थाना-जामुल, जिला-दुर्ग में श्री खाटू श्याम जी जन सेवा केन्द्र दुकान के संचालक मनोज बिसाई, पिता अर्जुन बिसाई ( 31 वर्ष ) निवासी गणेश नगर राम मंदिर के पास लेबर कैम्प जामुल वार्ड नं. 5 को अपने पर्सनल यूजर आईडी से रेलवे की टिकट बनाकर उनका अनाधिकृत व्यापार करने के आरोप में गिरफ्तार कर कारवाई किया है। उसके पास आईआरसीटीसी का कोई एजेन्ट आईडी नहीं था। आरपीएफ क्राईम ब्रांच भिलाई ने आरोपी को रेलवे सुरक्षा



बल भिलाई के सुपुर्द किया। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत कार्रवाई किया गया। गौरतलब रहे कि गर्मी के सीजन में कंफर्म टिकट को लेकर मारामारी रहती है। लोगों की मजबूरी का लाभ उठाकर दलाल पर्सनल आईडी से टिकट बुक कर लेते हैं और कंफर्म टिकट के बदले लोगों से मनमाने पैसे वसूलते हैं। जामुल निवासी मनोज बिसाई यही काम कर रहा था। इसके लिए वह श्री खाटू श्याम जी जन सेवा केन्द्र के नाम से च्वाइस सेंटर का संचालन कर रहा था यहां पर यह बताना लाजिमी होगा कि रेलवे की सहयोगी संस्था आईआरसीटीसी ई-टिकट की बिक्री के लिए एजेंटों को लाइसेंस जारी करती है और टिकट के मूल्य पर उन्हें कमीशन देती है। लेकिन टिकट के दलाल इस प्रक्रिया को नहीं अपनाते और पर्सनल आईडी से ई-टिकट बुक करते रहते हैं। उनका यूआरएल आईआरसीटीसी की निगरानी टीम के पास जाता है और उन्होंने कितनी टिकट बनाई, यह भी जानकारी निगरानी टीम को हो जाती है लिमिट से अधिक टिकट पर कार्रवाई अधिकांश लोग यह नहीं जानते कि पर्सनल यूजर आईडी पर ई-टिकट बनाने की एक लिमिट होती है। यदि आधार कार्ड आपने आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर सत्यापित कराया है तो आप एक माह में एक यूजर आईडी पर 24 टिकट बुक कर सकते हैं। यदि आपका आधार सत्यापित नहीं है तो आप एक यूजर आईडी पर 12 टिकट बुक कर पाएंगे। इससे अधिक टिकट की बुकिंग पर कार्रवाई होनी तय है। इस बात की जानकारी नहीं होने से पर्सनल यूजर आईडी पर कई लोग टिकट की दलाली करने लगते हैं। लिमिट से अधिक टिकट बुकिंग होने पर ऐसे आईडी धारक के खिलाफ आरपीएफ द्वारा रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई किया जाता है।

## सहकारिता दिवस पर पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान

**उतई, 18 मई।** अतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बोरीगारका के धान संग्रहण केंद्र में सभी पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का आयोजन सोसायटी के अध्यक्ष सूखीत राम यादव के नेतृत्व में रखा गया था जिसमें चार गांव बोरीगारका, पववारा , पुरई और करगाडीह से किसान एवं जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए जिनका सम्मान किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर श्रीमती श्रद्धा पुरेंद्र साहू सभापति उद्योग एवं सहकारिता विभाग जिला पंचायत दुर्ग

विशेष अतिथि राकेश हिरवानी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत एवं जनपद सदस्य झमित गायकवाड ,ग्राम - बोरीगारका के सरपंच चुम्मन लाल यादव, उप सरपंच सहित समस्त पंच गण




उपस्थित थे साथ ही करगाड़ीह के सरपंच करण सेन एवं उनके पंचगण तथा ग्राम पुरई सरपंच डोमार सिंह साहू उप सरपंच शीतला ठाकुर एवं समस्त पंच गण उपस्थित थेकार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती श्रद्धा साहू द्वारा सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए सोसायटी के अध्यक्ष सूखीत राम यादव एवं समस्त अधिकारी ,कर्मचारी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए किसानों के हित और केंद्र और राज्य सरकार के समस्त योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने की अपील की और साथ ही साथ मृदा संरक्षण ,जल संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान से किसानों को जोड़ने एवं अपनी मिट्टी की सुरक्षा के लिए ,उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के लिए अपने अधिकार के साथ-साथ अपना कर्तव्य समझकर सेवा भावना से गांव में स्वच्छ वातावरण बनाएं इसके लिए अपील की साथ ही साथ ऑपरेशन सिंदूर और वन नेशन वन इलेक्शन के संबंध में जानकारी साझा की ।

## भाजपा ने अहिल्या बाई की जयंती मनाई



**भिलाई, 18 मई।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय प्रियदर्शिनी परिसर भिलाई में पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वी जयंती की कार्यशाला का कार्यक्रम आयोजित किया गया , सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया गजमाला से सांसद विजय बघेल संदीप शर्मा का स्वागत किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मान विजय बघेल जी सांसद दुर्ग लोकसभा , पुर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय जी , रिंकेश सेन विधायक, डोमन लाल कोर्सेवाडा विधायक संदीप शर्मा जी जिला प्रभारी,राकेश पाण्डेय खादी ग्रामोद्योग अध्यक्ष, पुरुषोत्तम देवांगन भाजपा जिलाध्यक्ष, सरस्वती बंजारे जिला पंचायत अध्यक्ष, स्वीटी कौशिक महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, बृजेश बिचपुरीया पुर्व जिला अध्यक्ष,रवि शंकर सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य , वरिष्ठ नेता प्रभुनाथ मिश्रा, शंकर लाल देवांगन,प्रेम लाल साहू , बिजेंद्र सिंह महामंत्री , अमित मिश्रा भाजयुमो जिलाध्यक्ष , भोजराज सिन्हा, दया सिंह विनोद सिंह,,रहें सांसद विजय बघेल जी ने अपने उद्बोधन में कहा की हम सभी आज नारी शक्ति के अदम की प्रतीक अपने आदम शाहस से लोकमाता अहिल्या बाई नारी शक्ति की प्रतीक लोकमाता अहिल्या को पुर्व की सरकार ने भुला दिया था आज से 300 वर्ष पूर्व उनका जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमद के चौड़ी गांव में हुआ था।

## दस दिनों के अंदर भुगतान नहीं होने पर अनिश्चित कालीन चक्काजाम किया जाएगा: रवि चंद्रवंशी



**कवर्धा, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** किसानों की उन्नति का प्रतीक शक्कर कारखाना आज किसानों की दुर्गति को दिखाने पर मजबूर हो गया है जिसका मुख्य कारण पंडरिया शक्कर कारखाने का मिस मैनेजमेंट है । किसान कांग्रेस के जिला प्रभारी रवि चंद्रवंशी ने बताया कि किसान लगातार अपने बेचे हुए गन्ने की भुगतान के लिए आवेदन निवेदन कर रहे हैं पर 6 माह बीत जाने के बाद भी यहाँ लगभग 40 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है जिसके कारण आज हमें यह महसूस हुआ कि कारखाना प्रबंधन पिछ्ले 6 महीनों से कुम्भकर्णीय नींद पर सोई हुई है जिसको जगाना पड़ेगा तभी भुगतान होगा तो आज सारे किसान और कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा थाली बजाकर, बेशरम का फूल लहराकर प्रदर्शन किया गया है आने वाले 10 दिनों में यदि भुगतान नहीं होता तो हमारे द्वारा अनिश्चित कालीन चक्का जाम किया जाएगा परन्तु जब तक किसानों को उनका भुगतान नहीं होता हम चुप नही बैठेंगे ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गन्ना उत्पादक किसानों सहित जिला किसान कांग्रेस प्रभारी रवि चंद्रवंशी,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल व पदाधिकारी, किसान कांग्रेस,युवा कांग्रेस, एन एस यू आई के कार्यकर्ता सहित सैकड़ो की संख्या में आमजन शामिल रहे ।

## सेना के शौर्य और सम्मान में जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी धृतलहरे के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा



**कवर्धा, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 17/05/25 दिन शनिवार को ग्राम पंचायत कोदवाकला में हमारे भारतीय सैनिकों द्वारा पाकिस्तान को करारी शिकस्त देकर व हमारी मातृभूमि भारत माता की विजय दिवस के रूप में सेना के शौर्य और सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा हमारे लोकप्रिय जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्र. 04 श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र घृतलहरे जी के कुशल नेतृत्व में हर्षोल्लास के साथ निकला गया, जिसमें प्रमुख रूप से परस सिंगरौल सहकारी समिति अध्यक्ष,संतोष ध्रुव उपाध्यक्ष भाजपा मं. कुंडा,टीकाराम सिंगरौल बूथ अध्यक्ष ग्रा. गोबर्रा,दुर्गेश यादव जी सो.मि. प्र.,पप्पू साहू ,खन्ना सिंगरौल ,सुरेश बनर्जी , भरत यादव जी एवं अन्य कार्यकर्तागण व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पतोरा में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सांसद बघेल



**उतई, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आपरेशन सिंदूर की सफलता और वीर जवानों के शौर्य और पराक्रम के शान में छत्तीसगढ़ के सभी पंचायतों और नगरीय निकायों में 17 मई को दुर्ग लोकसभा क्षेत्र वे पाटन विधानसभा ग्राम पंचायत पतोरा में आयोजित तिरंगा यात्रा में सांसद विजय बघेल सम्मिलित हुए। अवसर पर जनपद अध्यक्ष कोर्ति नायक, जनपद सदस्य प्रणव शर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणी चंद्राकर, सरपंच मुनेश्वर साहू, उपसरपंच देवचरण कौशल, टीकाराम देवांगन, राजेन्द्र वर्मा, चोवा साहू, शशिकांत, जनपद सदस्य चंद्रिका चित्रसेन कलिहारी, मेहतर महिलांगे, भीखम देवांगन, पूरण साहू ओमप्रकाश साहू प्रेमलता साह प्रेमिन साहू, महेंद्र साहू सचिव खेमलाल साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

## ग्राम खपरी में निकाली तिरंगा रैली




**उतई, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में ग्राम खोपली में ग्राम भ्रमण किया और तिरंगा रैली निकाला गया जिसमें प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत के सरपंच मंजू फ़त्तेलाल वर्मा ,जनपद सदस्य बिंदु दिनेश देशलहरे,जिला सहकारी बैंक के अधिकारी श्री फ़त्तेलाल वर्मा उपसरपंच देवेंद्र भारती ,पंचायत सचिव पुराणिक राम साहू ,पंच शुभम वर्मा,पंच योगेंद्र साहू,रमेश वर्मा,अरुण चंद्राकर,मंशा भारती, , पंच सुलोचनी ,पंच कमलेश्वरी ,पंच दमानी ,पंकज भारती , राजू साहू, नरोत्तम बघेल,ओमप्रकाश सपहा,अनीता,योगेश साहू, अरुण खुटेल, ।

## एसएसपी ने 19 को किया लाइन अटैच



**भिलाई, 18 मई।** भिलाई जिले में कानून व्यवस्था बेहतर करने के लिए एसएसपी विजय अग्रवाल ने तीन एएसआई, दो हवलदार समेत 14 पुलिस कर्मियों को लाइन अटैच किया है जिसमें एसीसीयू सउनि पूर्ण बहादुर, भिलाई नगर शमित मिश्रा, ट्रैफिक विनोद सिंह, हवलदार सुपेला जसपाल सिंह, एसीसीयू चंद्रशेखर वंजीर और आरक्षको में एसीसीयू अनूप शर्मा, संतोष गुप्ता, पन्ने लाल, विक्रांत यदु, शहबाज खान नेवई शमिम खान, छावनी अमित दुबे, बोरी जुनैद सिद्धीकी, खुर्रम बक्श को पुलिस लाइन अटैच किया गया है ।

# शासन की योजनाओं से आम जनता के जीवन में आ रहा परिवर्तन : संतोष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- सांसद सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम खोभा में आयोजित समाधान शिविर में हुए शामिल
- भारतीय सेना के सम्मान में सांसद हुए तिरंगा यात्रा में शामिल
- शिविर में विभागीय योजनाओं की दी गई जानकारी




**छुरिया, 18 मई।** सांसद संतोष पाण्डेय सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम खोभा में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविरों में विभागीय स्टॉलों में जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है और साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का भी समाधान हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बहुआयामी विकास कार्य हो रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनमानस के जीवन स्तर के उन्नयन के लिए बुनियादी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है। हर व्यक्ति का यह सपना होता है कि उसका अपना पक्का आवास हो। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में 18 लाख पक्के मकान की स्वीकृति मिली है। इसी तरह ग्राम खोभा में 203 आवास स्वीकृत किए गए है। शासन की योजनाओं से आम जनता के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन हो रहे है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी हुई है। जिले में 98 प्रतिशत संस्थागत प्रसव बढ़ा है तथा मातृ मृत्यु दर में कमी आयी है। सरकार कृषकों के साथ ही सभी वर्ग के नागरिकों के विकास के लिए तेज गति से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज हम तिरंगा यात्रा में शामिल हो रहे है। जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में आंतकवादियों ने निर्दोष नागरिकों की हत्या की। इसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना ने आंतकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनके आतंकी स्थानों को ध्वस्त किया। भारतीय सेना के सम्मान में हम सभी आज तिरंगा यात्रा में शामिल हो रहे है। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि समाधान शिविर में जनता के शिकायतों के निराकरण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है और शासन-प्रशासन जनता के द्वार तक पहुंच रही है। सुशासन तिहार का प्रभाव अब नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न योजनाओं से जनसामान्य लाभान्वित हो रहे है। प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के आवास का सपना पूरा हो रहा है। वही शासन की जनधन योजना, किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ नागरिकों को मिल रहा है। सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा नन्हें शिशुओं का अन्नप्राशन्न कराया गया तथा गर्भवती माताओं की गोदभराई की गई। उन्होंने हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। साथ ही विभागीय स्टालों का अवकलोकन कर पात्र हितग्राहियों एवं योजनाओं के संबंध में जानकारी ली।

## समाचार संक्षेप

### जपं अध्यक्ष सिन्हा ने मुख्यमंत्री से की गैंदाटोला में कालेज खोलने और सड़क चौड़ीकरण की मांग



**छुरिया, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छुरिया जनपद पंचायत के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने सुशासन तिहार के अवसर पर प्रदेश के मुख्या विष्णु देव साय से राजनांदगांव में मुलाकात कर अपने क्षेत्र के गैंदाटोला में शासकीय महाविद्यालय खोले जाने की मांग को काफी प्रमुखता से रखी, साथ ही कुमरदा से कल्लुबंजारी, गैंदाटोला से छुरिया, बेलरगोंदी से जोशीलमती मार्ग सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य को बजट में शामिल कर राशि आबंटित किए जाने की मांग की है, इस क्षेत्र के रहवासियों व पढ़ने वाले बच्चों को 30 किलोमीटर दूर छुरिया चलकर अध्यापन कार्य के लिए जाना पड़ता है, यदि गैंदाटोला में महाविद्यालय खोले जाने से अंचल के सैकड़ों गांवों के छात्र छात्राओं को इनका लाभ मिलेगा, चूंकि यह क्षेत्र आदिवासी बहुल क्षेत्र है। छुरिया विकासखंड में मात्र एक ही महाविद्यालय है। इसके अलावा कल्लुबंजारी में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा खोले जाने व महाराजपुर में हाईस्कूल खोले जाने की भी मांग को प्रमुखता के साथ रखा है। छुरिया विकासखंड मुख्यालय से जुड़ने वाली मुख्य मार्ग जो अत्यंत जर्जर है, की अतिशीघ्र स्वीकृति के लिए निवेदन किया है। इस अवसर पर मुख्यरूप से संतोष पाण्डेय सांसद, मधुसूदन यादव महापौर, नीलू शर्मा अध्यक्ष पर्यटन मंडल, कोमल सिंह राजपूत, रविन्द्र वैष्णव, चंद्रिका प्रसाद डडसेना, एम डी ठाकुर, सुरेंदर सिंह भाटिया, कांता प्रसाद साहू, राधेश्याम शर्मा, भेष बाई साहू, नैनसिंह पटेल, सौरभ सोमानी मौजूद रहे।

### कंवर समाज ने दिखाई सामाजिक एकता, महासभा में उमड़ा जनसैलाब, सामुदायिक भवन के लिए 5 लाख की घोषणा




**छुरिया, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छुरिया विकासखंड के ग्राम पठानढोडगी में आदिवासी कंवर समाज के महासभा में राजनांदगांव परिक्षेत्र के 16 क्षेत्रों के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए थे, बतौर अतिथि के रूप में संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया ने भी शिरकत की, सामाजिक जनों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिन्हा ने कहा कि आदिवासी कंवर समाज में सामाजिक एकता झलकता है, समाज द्वारा लिए गए हर नियमों का पालन इनके सामाजिक बंधु करते है, यही इनकी सामाजिक एकता का प्रतीक है, महासभा में लिए गए अनेक निर्णय समाज के लिए प्रेरणा और निर्णायक फैसला साबित होगा, जैसे की शादियों में डीजे के स्थान पर पारंपरिक दमऊ दफड़ा बाजा के उपयोग करने का निर्णय साथ ही मृत्यु भोज पर प्रतिबंध, मृत्यु होने पर पीताम्बरी के जगह नगद के रूप में आर्थिक सहयोग का जो फैसला है, इसे अन्य समाज को भी अपनाना चाहिए। इस महासभा में राजनांदगांव जिले, खैरागढ़ छुईखदान, मोहला मानपुर, गोंदिया महाराष्ट्र जिले के हजारों की संख्या में कंवर समाज के सामाजिक कार्यकर्ता सहित पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से महासभा में रायपुर समिति के अध्यक्ष हरिवंश सिंह मिरी, नूकुल चंद्रवसी, बिंदूलाल चंद्रवांसी, राजनांदगांव के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, सी एल चंद्रावसी, डा मेघराज कपूर, इंदिरा चंद्रवंशी, कलीराम चंद्रवसी, दशरथ चंद्रवंशी उपस्थित रहे।

### मुसराकला में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**डोंगरगढ़, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुसरा कलाशासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत मुसरा कला में सरपंच गायत्री शिव कुमार टेम्भुरकर, सचिव मोहित कुमार साहू, जनपद सदस्य सीमा साहू एवं नायब तहसीलदार सतपाल यादव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा के रूप में भव्य महारैली का आयोजन किया गया जिसमे समस्त ग्रामवासी जोशोखरोसो के साथ भारत के सैनिको की एवं भारत माता की जयकारा लगाते हुए सम्पूर्ण ग्राम भ्रमण किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत पंचायत प्रांगण में भारत माता की प्रतिमा में पूजा अर्चना करते हुए गांव के व्यापार संघ के अध्यक्ष बजरंग साहू एवं राजेश कोचे, मनोज कोचे, दानी राम साहू, पूर्व सरपंच कँवल निर्मलकर, शिव कुमार टेंभुरकर, शिक्षक दीनदयाल साहू, हीरासिंग सलामे, ओम साहू, एवं पंच ज्योति यादव, निशा बंजारे, झरना शर्मा, पूर्णिमा साहू, उप सरपंच रामबाई निषाद, महिला समूह से मंजू साहू, कौशिल्या साहू, संगीता साहू, सहित समस्त महिला समूह एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल हुए और सैनिको के शौर्य का गान किया, आपरेशन सिंदूर की सफ्लता की बधाई दी गयी...एवं शहीदों और शहादत देने वाले नागरिको को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति किया गया.

### मड़ियान में कबड्डी प्रीमियर लीग का आयोजन



**डोंगरगढ़, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डोंगरगढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत मड़ियान में राजनांदगांव कबड्डी कबड्डी प्रीमियर लीग सीजन 2 का शानदार आयोजन 16, 17, 18 मई प्रतियोगिता में पुरुष व महिला दोनों वर्गों में चल रहा है। जिसमें प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह व द्वितीय दिवस प्रतियोगिता जोरो शोरो से रहा यह कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन जिला व ब्लॉक कबड्डी संघ डोंगरगढ़ और समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से हो रहा है ग्राम पंचायत मड़ियान के सरपंच टूम्मन मंडावी ने बताया कि उद्घाटन समारोह 16 मई को शाम 5 बजे हुआ व 17 मई को मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व आपदा प्रबंधन खेल विभाग खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा भी शामिल होंगे, अध्यक्षता सांसद महोदय संतोष पाण्डे करेंगे, विशिष्ट अतिथि नगर निगम राजनांदगांव के महापौर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, भाजपा प्रदेश महामंत्री व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत वर्मा रहेंगे, विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला कबड्डी संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष अशोक चौधरी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, जिला पंचायत सभापति, युवा भाजपा नेता प्रशांत कोड़पे, ब्लॉक कबड्डी संघ अध्यक्ष रामाधर ओझा व जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा होंगे। संपूर्ण कार्यक्रम की तैयारी व मैनेजमेंट में समस्त ग्राम पंचायत मड़ियान के युवा साथी व जिला कबड्डी संघ के पदाधिकारी जुटे हैं कबड्डी प्रतियोगिता में समस्त ग्रामीण नागरिक बन्धुओं का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ ग्रामीण के आसपास से सभी लोग कबड्डी प्रतियोगिता देखने शामिल हुए व मैच का आनन्द प्राप्त कर रहे हैं।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय के नवीन भवन का किया लोकार्पण



**राजनांदगांव, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजनांदगांव जिले के चिखली में 9 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया। यहां शासकीय विभागों के महत्वपूर्ण दस्तावेजों का प्रकाशन होता है। मुख्यमंत्री ने शासकीय मुद्रणालय के नवनिर्मित भवन और वहां की प्रकाशन तथा अन्य व्यवस्था का भी अवलोकन किया। राजनांदगांव स्थित शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय भवन छत्तीसगढ़ में एक मात्र शासकीय मुद्रणालय है जहां महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेजों का प्रकाशन किया जाता है। मुद्रणालय का पुराना भवन अत्याधिक पुराना होने के कारण नये भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। शासकीय मुद्रणालय के नवीन भवन में पेपर गोडाउन, प्रिटिंग मटेरियल स्टोर, बाइडिंग एवं पेपर स्टोर, मेकेनिकल स्टोर, काम्पोजिंग एवं रीडिंग रूम, टाइप स्टोर, कैमरा रूम, असिस्टेंट सुपरिटेंडेन्ट कक्ष, डायरेक्टर रूम, कॉन्फ्रेंस रूम एवं अन्य आवश्यक व्यस्थाएं रखी गई है। यहां 4 बड़े हाल एवं 12 कमरे हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय, महापौर मधुसूदन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं शासकीय मुद्रणालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### तरुण हत्थेल बने सांसद प्रतिनिधि



**डोंगरगढ़, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सांसद संतोष पांडे ने भाजपा नेता तरुण हत्थेल को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ता काफी प्रसन्न है। उम्मीद की जा रही है कि नई जिम्मेदारी मिलने से हथेल को लोगों की समस्याओं का समाधान करने का नया अवसर मिलेगा।

### मोहित का चयन एकलव्य आवासीय विद्यालय में



**छुरिया, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय प्राथमिक शाला लुलिकसा के कक्षा 5वीं के छात्र मोहित कुमार आत्मज स्वर्गीय उत्तम लाल चंद्रवंशी माता सत्यवती का चयन एकलव्य आवासीय विद्यालय राजनांदगांव के लिए हुआ है शासकीय प्राथमिक शाला लुलिकसा संकुल गेंदाटोला से विगत 4वर्षों से नवोदय विद्यालय और एकलव्य विद्यालय के लिए छात्रों का चयन हुआ है अल्पायु में हिं पिता साया सर से उठ जाने पर माता के अथक लगन और प्रयास बड़े भैया मनोज चंद्रवंशी जो स्वयं भी छात्रावासी छात्र रहे हैं जिनके मार्गदर्शन से यह सफ्लता मिली है जिसके लिए शाला के प्रधान पाठिका ललिता बोरकर और शिक्षक दिग्विजय नेताम का योगदान रहा है।

# आठ करोड़ के सीमेंटीकरण लाइनिंग में भर्राशाही

## » मिट्टीयुक्त मुरूम का धड़ल्ले से उपयोग » मामला जल संसाधन विभाग का

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 18 मई।** खातूटोला बैराज के अंतर्गत जल संसाधन विभाग द्वारा नहर नाली में सीमेण्टीकरण लाइनिंग के कार्य में मिट्टी युक्त मुरूम का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है एवं सीमेण्टीकरण कार्य में स्तरहीन सामग्रियों का उपयोग किया जा रहा है। नतीजा जगह-जगह नहर नाली के लाइनिंग कार्य में जगह-जगह दरार आ गयी है। इसके साथ ही नियमित पानी की तराई नहीं होने से निर्माण कार्य में जमकर भर्राषाही की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार खातूटोला बैराज क्षेत्र के तहत नहर नाली में सीमेण्टीकरण लाइनिंग कार्य के लिए शासन प्रशासन से लगभग आठ करोड़ रूपये की प्रषासकीय स्वीकृति मिली है जो कि नारायणगढ़, रंगीटोला, नागरकोहरा, कल्लूटोला, झिथराटोला शिकारीटोला तक निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस निर्माण कार्य में प्राक्कलन के अनुरूप निर्माण कार्य न करते हुए ठेकेदार एवं इंजीनियर की मिलीभगत से स्तरहीन रेत, गिट्टी सीमेण्ट का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। नहर नाली के सीमेण्टीकरण लाइनिंग कार्य में पानी की नियमित तराई नहीं की जा रही है जिससे जगह-जगह दरारें आ गयी है। इसके अलावा नहर नाली के कार्य में मिट्टी युक्त मुरूम का उपयोग किया जा रहा है। जिसकी षिकायत के बाद अब तक जल संसाधन विभाग के जवाबदार अफ्सर ठेकेदार पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं।



### ठेकेदार के भरोसे कार्य

खेतों में सिंचाई सुविधा को लेकर राज्य सरकार जहां प्रतिबद्ध है और करोड़ो रूपये की योजना संचालित कर किसानों के प्रति संवेदनषील है। वहीं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों द्वारा नियमित सतत् मॉनिटरिंग नहीं किये जाने से इसका फायदा उठाकर ठेकेदार गुणवत्ताहीन सामग्रियों का उपयोग कर रहा है। इस योजना का कार्य ठेकेदार के भरोसे है।

### शिविर में की गई शिकायत

खातूटोला बैराज के नहर नाली सीमेण्टीकरण कार्य में गड़बड़ी को लेकर समाधान षिविर महराजपुर में आठ गांव के किसानों ने षिकायत दर्ज कराई थी। उनके षिकायत को लेकर जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डडसेना ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मंच पर कहा कि सिंचित क्षेत्र के कुल कितने रकबों की भूमि पर सिंचाई होगी और कितने किसानों को इस सुविधा का लाभ मिलेगा। एवं इस निर्माण कार्य का कुल रकबा क्या है, पूछने पर विभाग के अधिकारी जवाब नहीं दे पाये जहां उन्होंने उन्हें लताड़ भी लगाई थी। वे इस पूरे मामले को लेकर प्रदेष के मुख्यमंत्री के समक्ष निर्माण कार्य में गड़बड़ी को लेकर जांच की मांग भी करेंगे।

# लोकतंत्र की आधारशिला है हमारा संविधान:कांग्रेस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 18 मई।** संविधान सभी को समानता का अधिकार देता है, सभी के लिए न्याय और निष्पक्षता सुनिश्चित करता है. संविधान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है और हमारे राष्ट्र को जोड़ने वाला सूत्र है। हमारे संविधान के निहित न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों की याद दिलाती है। संविधान की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में 17 मई शनिवार को संविधान बचाओं रैली निकाली गई।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में शनिवार 17 मई को जिला मुख्यालय में संविधान बचाओ रैली गई। शहर के जयस्तंभ चौक से निकली जो मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन, गुड़ाखु लाइन, जूनी हटरी होते हुए वापस जयस्तंभ चौक में रैली का समापन हुआ। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कहा कि बड़ा ही सोचनीय विषय है कि आज हमारे संविधान पर खतरा नजर आ रहा है, संविधान को बदलने की नाकामी कोशिश कर रही है, केन्द्र में बैठी मोदी सरकार संविधान में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। देश में लूट, हत्या, बलात्कार जैसी घटनाएं हो रही है, महिलाओं पर अत्याचार का अपराध बढ़ रहा है। हमारा संविधान को बचाना है इसके लिए हमें जन-जागरूकता बहुत ही जरूरी है। जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि संविधान निर्माता डा.बाबा साहेब अम्बेडकर का जीवन पूरा संघर्ष मय रहा। बाबा साहेब अर्थशास्त्री, आधुनिकता के ज्ञाता थे, उन्होंने अपने जीवन में जो कठिनाईयों के साथ छूआछूत देखी थी, उनको मिटाने और समाज को संगठित कर समानता का अधिकार दिलाने संविधान की रचना की जिसमें सभी वर्गों को समाहित किया आज जो माताएं, बहनें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है वह हमारे संविधान के कारण है। एआईसीसी के आव्हान पर जिला स्तरीय संविधान बचाओ यात्रा निकाली गई। आज राष्ट्रविरोधी ताकते जिस प्रकार से षडयंत्र रचकर संविधान को बदलने की कोशिश कर रहे वह गलत है। आज हम संकल्पित है कि जो संविधान बचाने के लिए। संविधान की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है, संविधान सभी को समानता का अधिकार देता है।

# राजस्व विभाग के सामने से हो रहा प्रतिबंधित लाल ईटों का परिवहन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 18 मई।** पिछले पांच वर्षो से शासन प्रशासन ने पर्यावरण की रक्षा के लिए लाल ईटों के निर्माण पर रोक लगाया जा चुका है उसके बाद भी डोंगरगढ़ ब्लॉक के पचासों गांव में दर्जनों अवैध ईट भट्ठा संचालित कर पर्यावरण से खिलवाड़ किया जा रहा है जिसकी उच्च स्तरीय शिकायत होने के बाद भी लाल ईटों के निर्माता ठेकेदार डोंगरगढ़ अनुविभागीय कार्यालय (राजस्व) के सामने बिना नंबर की ट्रेक्टर इंजन व ट्राली की मदद से लाल ईट लोड कर सप्लाई करने से भी बाज नहीं आ रहे है जो राजस्व विभाग के लिए यक्ष सवाल बना खड़ा है. वही दूसरी ओर लाल ईटों से भरे ट्रेक्टर को कार्यालय के पास बेधड़क ईट सप्लाई के सवाल पर करवारी के किसान रवि सिन्हा ने बताया कि मैं गांव में घर बनाने के लिए लाल ईटों का निर्माण कर रहा हूँ और निर्माण कार्य में लगने से अधिक ईटों का निर्माण होने पर आर्डर पर बिक्री करने लाया हूँ. वहीं दूसरे छोटे ट्रेक्टर के वाहन चालक ने बताया कि हमारा काम आर्डर पर ईट भट्ठों से ईट उठाकर सप्लाई करना है बाकी की जानकारी मालिक ही दे पायेगा.



**औषधि प्रजाति के वृक्षों की अवैध कटाई जोरों पर:** बताया जाता है कि क्षेत्र में टेडेसरा, सोमनी, घोरदा, टेकाहरदी, कसारी मेढ़ा, मुरमुंदा के लकड़ी ठेकेदारों के द्वारा इन अवैध भट्ठों को लकड़ी सप्लाई की जाती है. वही ठेकेदार किसानों के खेत में लगे औषधि प्रजाति कहुवा, नीम, पीपल जैसे जीवनदायिनी वृक्षों का कुछ पैसों का लालच देकर किसानों से खरीद कर अपने फायदे के लिए पर्यावरण को घोर नुकसान पहुँचा रहे है जो सोचनीय विषय के साथ ऐसे लोगों पर सख्त कार्यवाही करने की अवश्यकता है.

**लाल ईटों की जप्ती कार्यवाही के बाद भी निर्माण व सप्लाई जारी:** बताया गया कि मेढ़ा नाला के पास अवैध ईट भट्ठा संचालित की शिकायत के बाद पूर्व में लाल बहादुर नगर के नायब तहसीलदार राजेश नेताम व राजस्व कर्मचारियो के द्वारा मौका स्थल पर पहुँचकर ईटभट्ठा संचालित करने का वैध दस्तावेध संचालक धर्मेंद्र प्रजापति से मांगा गया और ईटभट्ठा चलाने का कोई वैध दतावेज प्रस्तुत ना करने की स्थिति में गवाहों के समक्ष पंचनामा बना लाल ईटों की जप्ती बनाई गई थी परंतु जप्ती कार्यवाही को धता बताते हुए संचालक के द्वारा बेधड़क बेखौफ जप्ती ईटों को वाहन में लोड कर आर्डर पर सप्लाई किया जा रहा है जो राजस्व विभाग की कार्यवाही को चैलेंज देते हुए कानून की धजियां उड़ाने जैसा प्रतीत होने लगा है जो ग्राम मेढ़ा के ग्रामवासियो में खास चर्चा का विषय बना हुआ है।

## ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय सेना ने आतंकवाद को ध्वस्त कर ताकत से किया इंसाफ

# भारत की ताकत भारत की सेना, भारत के जवान के साथ हम सभी : रमन सिंह

- देशभक्ति के जज्बे को हर दिल में अक्षुण्य बनाए रखने के लिए तिरंगा यात्रा का आयोजन
- विधानसभा अध्यक्ष राजनांदगांव शहर में आयोजित तिरंगा यात्रा में हुए शामिल
- बड़ी संख्या में शामिल होकर नागरिकों ने भारतीय सेना के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की
- ऑपरेशन सिंदूर हर भारतीय के दिल की आवाज, राष्ट्र सेवा के लिए अदम्य साहस, पराक्रम व शौर्य,ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 18 मई।** राष्ट्र सेवा के लिए देश के सैनिकों के अदम्य साहस, पराक्रम और शौर्य को सम्मान देने के लिए तथा आपरेशन सिंदूर में सशक्त भारतीय सेना के योगदान को अविस्मरणीय बनाने एवं देशभक्ति के जज्बे को हर दिल में अक्षुण्य बनाए रखने के लिए आज तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए आज अभूतपूर्व उत्साह के साथ कारवां निकला। हम सेना के साथ हैं और ऑपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र की भावनाओं को अभिव्यक्त करते हुए देश के जवान-सैनिकों के प्रति आभार प्रकट करने के लिए नगरवासियों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज शहर के आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। विधानसभा डॉ. रमन सिंह ने कहा कि देश भर में तिरंगा यात्रा देश की आन-बान-शान के लिए आयोजित की जा रही है। देश की एकता और सौहार्द्र को बनाये रखने के लिए देश के कोने-कोने से आवाज आ रही है। पाकिस्तान के आतंकवादियों ने जिस तरह जम्मू-कश्मीर के के पहलगांव में निर्दोष नागरिकों की हत्या की और देश के सौहार्द्र एवं समरसता को क्षति पहुंचाने की कोशिश की गई। जाति एवं धर्म पूछकर निर्मम हत्या की गई और हमारी बहनों को सिंदूर पोछना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इंसाफताकत से किया गया और भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर में ऐसे स्थान जहां आतंकवादी गतिविधियां संचालित हो रही है, उन्हें ध्वस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा इस संदेश को लेकर निकला है कि भारत की ताकत, भारत की सेना, भारत के जवान मातृभूमि के लिए युद्ध लड़े हैं, हम उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए हम यह संकल्प लेते है, कि भारत विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति ही नहीं बल्कि हमारी सेना में भी चुनौतियों का सामना करने का सामर्थ्य है।



तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, जय जवान जय किसान के उद्घोष से माहौल गूंज उठा। भारत की जीत सशस्त्र बलों की सुरक्षा, सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों के लिए आभार प्रकट करने स्कूली बच्चे, स्काउट-गाइड, खिलाड़ी एवं नागरिकों का काफिला नगर निगम कार्यालय से गायत्री मंदिर चौक होते हुए भारत माता चौक से होते हुए महाकाल चौक, मानव मंदिर चौक, जयस्तंभ चौक में तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। ढोल मंजीरे की मंगल ध्वनि के साथ देश भक्ति पूर्ण गीतों दिल दिया है जान भी देंगे ऐ वतन तेरे लिए..., संदेशे आते है..., हमे इश्क है सरजमी से, वंदेमातरम्... जैसे देश भक्तिपूर्ण गीतों से ऑपरेशन सिंदूर की जीत के जश्न को मनाया गया। जम्मू-कश्मीर राज्य के पहलगांव में हुए आंतकवादी हमले के खिलाफ भारतीय सेना के अदम्य साहस एवं वीरता के प्रति नगरवासियों ने कृतज्ञता व्यक्त किया। इस अवसर पर आतंकवादियों के खिलाफ देश के स्वर को बुलंद करने के लिए बच्चों ने तख्तियां लेकर आतंकवाद का पुरजोर विरोध किया। पुलिस के जवानों ने लंबे तिरंगे लेकर ऑपरेशन सिंदूर के प्रति अपने भावनाओं को व्यक्त किया। कारगिल युद्ध में शामिल हुए मेजर राजेश शर्मा ने कहा कि आतंकवादियों ने निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या की। उसके जवाब में भारतीय सेना ने आतंकवादियों के ठिकानों को नेस्तानाबूद कर दिया।

समाचार संक्षेप

## बापोदरा चॉल को गिरने से बचाने के लिए कादंबरी से शादी करेगा जुगल?

सोनी सब का लोकप्रिय शो पुष्पा इम्पॉसिबल दर्शकों के दिलों को छू रहा है, जो पुष्पा (करुणा पांडे) की आत्मविश्वास भरी यात्रा पर केंद्रित एक प्रेरणादायक और भावनात्मक कहानी पेश करता है। यह शो खूबसूरती से दिखाता है कि किस तरह पुष्पा जीवन की कठिनाइयों का साहस, दृढ़ता और गरिमा के साथ सामना करती है। हाल ही के एपिसोड्स में अर्जुन (तन्मय नागर) अपने पिता के ऑफिस में चुपके से घुसता है और एक महत्वपूर्ण फाइल को हाथ लगाता है जो एक बड़ा सच उजागर करती है — जिसे अब तक मसाला फैक्ट्री कहा जा रहा था, वह वास्तव में एक पूरी तरह से विकसित मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। यह अहम सबूत कोर्ट केस को उनके पक्ष में मोड़ सकता है और चॉल को गिराए जाने से बचा सकता है। जैसे ही उम्मीद की किरण नजर आती है, कादंबरी (बृंदा त्रिवेदी) नाटकीय अंदाज में वापस आती है और चालाकी से फाइल को बदल देती है। साथ ही वह एक चौंकाने वाली शर्त रखती है — अगर जुगल (अंशुल त्रिवेदी) उससे शादी करता है, तो वह चॉल को बचा लेगी। आने वाले एपिसोड्स में कादंबरी जुगल के सामने एक चौंकाने वाला अल्टीमेटम रखती है: शादी करो या चॉल को मिटते देखो। जहां सैकड़ों परिवारों का भविष्य दांव पर लगा है, वहीं जुगल एक मुश्किल दुविधा में फंस जाता है। लेकिन पुष्पा चुप बैठने वालों में से नहीं है। जैसे ही कादंबरी उसे चुनौती देती है कि वह इस शादी को रोक कर दिखाए, पुष्पा अपने दोस्त को एक जीवनभर का बलिदान देने से रोकने के लिए मजबूर हो जाती है। इसी बीच, शंभु शेखावत (सुकेश आनंद) गुस्से से उबल रहा है क्योंकि उसकी पूरी योजना — चॉल को मसाला फैक्ट्री में बदलने की — अब अड़चनों में फंस गई है।

**क्या पुष्पा कदंबरी और जुगल की शादी रोक पाएगी और चॉल को बचा पाएगी?**–शो में पुष्पा का किरदार निभा रही करुणा पांडे ने कहा, "मैंने ये जज्बा अपनी मां में देखा था। मुझे याद है कैसे वो अपने प्रियजनों को बचाने के लिए हर हद तक जाती थीं, सिर्फ अपने हौसले और दृढ़ निश्चय के दम पर। उसी भावना को मैं पुष्पा के किरदार में उतारने की कोशिश करती हूं — सही के लिए लड़ने का अडिग संकल्प, चाहे हालात कितने भी मुश्किल क्यों न हों। अब पुष्पा एक ऐसे मोड़ पर है जहां उसे चॉल बचाने और अपने सबसे अच्छे दोस्त की रक्षा करने के बीच चुनाव करना है। जुगल का अपनी पूरी ज़िंदगी का बलिदान देना उसे भीतर तक तोड़ देता है। लेकिन पुष्पा हार नहीं मानेगी — न चॉल के लिए और न अपने दोस्त के लिए। वो जो भी करना पड़ेगी, करेगी।"

## कलाकारों ने अपनी पढ़ाई के सफर को किया याद

अक्सर कहा जाता है कि आपकी पढ़ाई-लिखाई ही आपका भविष्य तय करती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपके पसंदीदा एण्डटीवी एक्टर्स कितने पढ़े-लिखे हैं? ये जाने-पहचाने चेहरे, जो हर दिन अपने मजबूत और दिल को छू जाने वाले



किरदारों से दर्शकों का दिल जीतते हैं, असल ज़िंदगी में भी शैक्षणिक रूप से काफी होशियार रहे हैं। उनकी यही पढ़ाई और समझदारी उन्हें एंटरटेनमेंट की दुनिया में आज इस मुकाम तक लाने में मददगार साबित हुई है। इन कलाकारों में शामिल हैं नीता मोहिन्द्रा ('भीमा' की कैलाशा बुआ), हिमानी शिवपुरी ('हप्पू की उलटन पलटन' की कटोरी अम्मा) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी)। एण्डटीवी के 'भीमा' में कैलाशा बुआ का किरदार निभा रहीं नीता मोहिन्द्रा ने बताया, ''एक्टिंग में मेरे अनुभव को शिक्षा ने गइराई दी है। मेरे पास फाइन आर्ट्स में एमए और पीएचडी की डिग्री है और मुझे गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी में डिपार्टमेंट ऑफ विजुअल एण्ड परफॉर्मिंग आर्ट्स की हेड बनने का सम्मान मिला है। पढ़ाई के लिये लगन के चलते मैंने कला को समझा और एक कलाकार के तौर पर अपनी अभिव्यक्ति को बेहतर बनाया। शिक्षा मेरे लिये हमेशा से एक मार्गदर्शक रही है। शिक्षा से मुझे स्क्रीन पर अपने हर किरदार में सिद्धांतों को अभ्यास और बुद्धि को भावना से मिलाने में मदद मिली है।''एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में प्यारी कटोरी अम्मा का किरदार निभा रहीं हिमानी शिवपुरी ने कहा, ''मैं देहरादून की हूँ और मैंने अपनी पढ़ाई की शुरूआत दून स्कूल से की थी। दून स्कूल रचनात्मकता और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिये जाना जाता है। विज्ञान में गहरी रुचि होने के कारण मैंने डीएवी कॉलेज, देहरादून से ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में पोस्टग्रेजुएट डिग्री के लिये पढ़ाई की थी। हालांकि, परफॉर्मिंग आर्ट्स के लिये मेरा झुकाव ज्यादा था और इसलिये मैंने 1984 में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से ग्रेजुएशन किया। मेरे लिये शिक्षा का मतलब है बौद्धिकता को भावना, तर्क तथा रचनात्मकता से मिलाना। मेरे एक्टिंग कॅरियर में इसकी बड़ी भूमिका रही है।'' एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाबी का मशहूर किरदार निभाने वालीं शुभांगी अत्रे ने कहा, ''स्क्रीन पर मुझे एक बबली और भोला-सा किरदार अदा करने के लिये जाना जाता है, लेकिन मेरी असल जिन्दगी में शिक्षा का हमेशा बड़ा महत्व रहा है।

## सोनी सब के 'वागले की दुनिया' में सखी फंसी हिट एंड रन केस में

सोनी सब का लोकप्रिय शो 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी, नए किस्से' भारतीय मध्यमवर्गीय परिवार की जिंदगियों से जुड़ी जद्दोजहद को सजीव रूप से दर्शाकर दर्शकों का दिल जीत रहा है। आने वाले एपिसोड्स में सखी (चिन्मयी साल्वी) एक बेहद तनावपूर्ण स्थिति में फंस जाती है, जब सड़क पर रहने वाला बच्चा



अचानक उसकी कार के सामने आ जाता है और दुर्घटना हो जाती है। इस हादसे से सखी बेहद घबरा जाती है। बच्चे को तुरंत अस्पताल ले जाया जाता है, लेकिन उसी दौरान हादसे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो जाता है और बच्चे की माँ सखी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवा देती है। आगे आने वाले एपिसोड्स में, वागले परिवार सखी के समर्थन में खड़ा नजर आता है, क्योंकि पुलिस का आरोप है कि हादसे के वक्त सखी ने सिग्नल तोड़ा था। सखी पर हिट एंड रन का मामला दर्ज किया जाता है और पुलिस उसे गिरफ्तार करने पहुँच जाती है। वागले परिवार घायल बच्चे के माता-पिता से बात करता है, इस दौरान सखी ईमानदारी से अपने सभी मेडिकल खर्चे उठाने की पेशकश करती है और यह भी पूछती है कि वह और क्या कर सकती है। लेकिन इसके बाद जो होता है, वह सबको चौंका देता है — बच्चे के माता-पिता सखी से अपने बच्चे के लिए सरोगेट माँ बनने की मांग करते हैं। वे बताते हैं कि वे वर्षों से दूसरा बच्चा पाने की कोशिश कर रहे हैं.

# कलाकारों ने बताया, क्या थी उनकी बनाई पहली डिश !

वो पल हर किसी को याद रहता है, जब वह पहली बार खाने के लिए नहीं, बल्कि कुछ पकाने के इरादे से रसोई में गए थे। कभी जली हुई रोटियाँ बनीं, तो कभी उम्मीद से बढ़िया सब्ज़ी। खैर डिश जो भी हो, उस पहली कोशिश की हमारे दिल में एक खास जगह होती है। एण्डटीवी के कलाकार भी इससे अछूते नहीं हैं। हाल ही में उन्होंने किचन के अपने उस सुहाने सफर को याद किया और बताया कि उन्होंने पहली बार कौन सी डिश बनाई थी। इन कलाकारों में शामिल हैं - अमित भारद्वाज ('भीमा' के मेवा), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी)। अमित भारद्वाज, ऊर्फ 'भीमा' के मेवा ने बताया, ''पहली बार जो डिश मैंने खुद बनायी वो थी दाल खिचड़ी। तब मैं पीजी में रहता था और खाने को कुछ नहीं था। भूखा था तो मम्मी को फोन किया, उन्होंने जो बताया, मैंने नोट कर लिया और फिर धीरे-धीरे अपनी डिश बनायी। पता नहीं मम्मी



की माया थी या मेरी शुरुआती किस्मत, पर खिचड़ी अच्छी बन गयी! तभी से ये मेरी फेवरेट कम्फर्ट फूड बन गयी है। यह एक सीधी-सादी, पेट भरने वाली डिश है और मुझे हमेशा किचन का वो पहला पल याद दिलाती है, जब मैंने पहली बार अपने



हाथों से खिचड़ी बनाई थी।'' गीतांजलि मिश्रा ऊर्फ 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश ने कहा, ''मैंने जो पहली डिश बनाई थी, वह थी-आलू टमाटर की सब्जी। मैं उस समय लगभग 13 साल की थी और मैं अपनी मां को सरप्राइज देना चाहती थी। मुझे याद है कि मैंने कितने ध्यान से आलू काटे थे और मम्मी को जो मसाले डालते देखा था, वही सब डाल दिए। मुझे पता ही नहीं चला कि मिर्च ज्यादा पड़ गई है, और पूरा परिवार रात के खाने में खूब पानी पीता रहा! (हँसते हुए)। लेकिन सबने मेरी मेहनत की तारीफ की। वो सब्ज़ी, चाहे जितनी तीखी रही हो, वहीं से कुकिंग के प्रति मेरा प्यार शुरू हुआ। अब तो मुझे खाना बनाना बहुत सुकून देने वाला लगता है।'' विदिशा श्रीवास्तव, यानी 'भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी, बताती हैं, ''सबसे पहली बार मैंने सूजी का हलवा बनाया था। मैं उस वक्त कॉलेज में थी और अचानक मीठा खाने का मन हुआ। खाना बनाने का ज्यादा तजुर्बा नहीं था, लेकिन दादी को कई बार हलवा बनाते देखा था, तो सोचा चलो ट्राई करते हैं। पहली बार हलका सा जल गया था, लेकिन उस खुशबू और मेहनत में जो अपनापन था, वो खास था। अब तो मैं हलवे की एक्सपर्ट हो गई हूं, लेकिन जब भी बनाती हूं, वो पहली बार की झिझक और खुशी याद आ जाती है।

# सीखने, सपने देखने और अपने लिए एक नई राह बनाने में कभी देर नहीं होती : करुणा पांडे

सोनी सब का शो 'पुष्पा इम्पॉसिबल' पीढ़ियों के बीच अपनी भावनात्मक और जीवन से जुड़ी कहानी के कारण गहराई से जुड़ाव बना रहा है। अब इस शो में मशहूर अभिनेता गौरव चोपड़ा की एंट्री हुई है, जो प्रोफेसर राजवीर शास्त्री का किरदार निभा रहे हैं — जो एक तेज़, कटाक्ष मारने वाले और प्रभावशाली लॉ प्रोफेसर हैं। उनकी अदालत में मौजूदगी और वकालत बेहद दमदार है। जैसे-जैसे पुष्पा (करुणा पांडे) की ज़िंदगी एक नया मोड़ लेती है, प्रोफेसर शास्त्री से मुलाकात उसके भीतर एक आत्म-खोज की नई यात्रा को जन्म देती है। यह कहानी दर्शाती है कि कोई भी महिला किसी भी उम्र में अपने सपनों को फिर से जगा सकती है और एक सार्थक कॅरियर की ओर बढ़ सकती है। यह एक भावनात्मक पुनरावलोकन और अप्रत्याशित बदलाव की सशक्त कहानी है।

1. **पुष्पा एक ऐसा उदाहरण हैं जो दिखाती हैं कि उम्र की परवाह किए बिना सपनों का पीछा किया जा सकता है। यह कहानी उन दर्शकों को क्या संदेश देती है जो यह मानते हैं कि अब उनके कॅरियर या पैशन को अपनाने में बहुत देर हो चुकी है?**

"सपनों को पूरा करने की कोई उम्र नहीं होती" — यह बात सुनने में दार्शनिक लग सकती है, लेकिन पुष्पा इम्पॉसिबल इसे एक सच्चाई के रूप में जीकर दिखाता है। कुछ पेशों में भले ही आयु-सीमा हो, लेकिन जुनून, सीखना और आत्म-विकास की कोई उम्र नहीं होती। स्कूल लौटने से लेकर अब लॉ कॉलेज तक का पुष्पा का सफर यह साबित करता है कि अगर आपके पास दृढ़ निश्चय और सही सहयोग हो, तो बढ़ने में कभी देर नहीं होती। भले आप किसी बड़ी उपाधि तक न पहुंचें, लेकिन ज्ञान, उद्देश्य और आत्म-विश्वास की खोज कभी पुरानी नहीं होती। हम यही संदेश देना चाहते हैं: सीखने, सपने देखने और अपने लिए एक नई राह बनाने में



कभी देर नहीं होती।

2. **क्या आप व्यक्तिगत रूप से इस विचार से जुड़ती हैं कि जीवन के किसी भी मोड़ पर उद्देश्य खोजा जा सकता है या खुद को फिर से शुरू किया जा सकता है?**

हां, बिल्कुल। मैं इस विचार से पूरी तरह सहमत हूं कि जीवन के किसी भी मोड़ पर नई शुरुआत की जा सकती है। हर इंसान के भीतर एक चिंगारी होती है — कुछ सार्थक करने की इच्छा होती है। जब तक हम ज़िंदा हैं और सजग हैं, हम सीखते रहते हैं, बदलते रहते हैं। छोटे-छोटे बदलाव भी मायने रखते हैं। यही तो जीवन को रोमांचक बनाता है — खुद को बार-बार नये रूप में ढालने का अवसर। मेरे लिए, यही असली 'जीना' है।

3. **एक विधि छात्रा, खास तौर पर जिंदगी के बाद के पड़ाव में पढ़ाई की ओर लौटने की इस भूमिका को प्रभावी रूप से निभाने के लिए क्या आपने विशेष तैयारियां या व्यक्तिगत शोध किया?**

एक अभिनेता के रूप में मेरी जिम्मेदारी है कि मैं हर किरदार के लिए पूरी तैयारी करूं। कानून की छात्रा का किरदार, वह भी जो जीवन के इस पड़ाव पर पढ़ाई में लौट रही हो, इसके लिए समर्पण की ज़रूरत है। मैं विधि क्षेत्र की बुनियादी बातों को समझने के लिए शोध कर रही हूं। जैसे-जैसे कहानी इस दिशा में आगे बढ़ेगी, मैं विषय पर और भी पढ़ाई करूंगी ताकि यह किरदार प्रामाणिक लगे। मेरा यह भी मानना है कि हर नागरिक को कानून की कुछ समझ होनी चाहिए — यह व्यक्तिगत सशक्तिकरण के लिए ही नहीं, बल्कि एक जागरूक समाज बनाने के लिए भी ज़रूरी है।

4. **गौरव चोपड़ा जिस भी भूमिका में होते हैं, एक प्रभावशाली उपस्थिति लाते हैं। जब आपको पता चला कि वे शो में पुष्पा के मेंटर के रूप में शामिल हो रहे हैं, तब आपकी क्या प्रतिक्रिया थी?**

बिलकुल! जैसे ही हमें पता चला कि गौरव जी फाइनल हो चुके हैं, हम सब बहुत उत्साहित हो गए। उनकी उपस्थिति, उनकी आवाज़, उनके हाव-भाव, संवाद अदायगी — सब कुछ सीन में गहराई लाता है। एक अभिनेता के तौर पर किसी इतने प्रतिभाशाली और अनुभवी कलाकार के साथ काम करना बहुत सुखद अनुभव है। हमारी केमिस्ट्री तुरंत ही जम गई और उनके साथ शूटिंग करना बहुत अच्छा लगा। मैं आगे और दृश्यों की शूटिंग को लेकर उत्सुक हूं — पुष्पा और प्रोफेसर राजवीर की यात्रा को आगे देखने के लिए भी।

5. **क्या आपके निजी जीवन में भी कोई ऐसा गुरु या शिक्षक रहा है जिसने आपको आपके कम्फर्ट ज़ोन से बाहर निकालकर आपकी ज़िंदगी में गहरा असर डाला हो, जैसा कि अब पुष्पा के साथ हो रहा है?**

कई लोगों ने मेरे व्यक्तित्व को अलग-अलग तरीकों से आकार दिया है। मेरे पिता का निस्वार्थ भाव, मां की आध्यात्मिक शक्ति, दादा-दादी, बहन, दोस्त, पति — यहां तक कि मेरे पालतू जानवरों ने भी मुझे कुछ न कुछ सिखाया है। सेट पर भी, अंशुल त्रिवेदी जैसे कलाकारों के साथ काम करना एक सीखने का अनुभव रहा है।

## प्रोफेसर राजवीर शास्त्री के गहन किरदार के लिए गौरव चोपड़ा ने बढ़ाए बाल

मुंबई, मई 2025: सोनी सब का शो 'पुष्पा इम्पॉसिबल' दिल को छू लेने वाली और जीवन से जुड़ी कहानियों के जरिये हर पीढ़ी के दर्शकों को जोड़ रहा है। शो की इसी प्रभावशाली कहानी में अब एक नया मोड़ ला रहे हैं चर्चित अभिनेता गौरव चोपड़ा, जो पाँच साल के लंबे ब्रेक के बाद टेलीविजन पर वापसी कर रहे हैं। वे प्रोफेसर राजवीर शास्त्री का दमदार किरदार निभा रहे हैं — यह एक ऐसा पात्र है जो बुद्धिमत्ता, तीव्रता और गहरे भावनात्मक पहलुओं से भरपूर है। प्रोफेसर राजवीर शास्त्री को एक तेज़-तर्रार, व्यंग्यात्मक कानून के प्रोफेसर के रूप में दिखाया गया है, जो अदालत में अपने दमदार तर्कों और प्रभावशाली उपस्थिति के लिए जाने जाते हैं। एक समय में वे कानून की दुनिया में उभरते सितारे थे, लेकिन एक कांड ने उनके सुनहरे कॅरियर को पटरी से उतार दिया, जिससे उनके पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन में गहरी चोट पहुँची। इस जटिल किरदार को प्रभावशाली ढंग से निभाने के लिए गौरव चोपड़ा ने एक महत्वपूर्ण शारीरिक बदलाव किया — जिसमें शामिल था अपने बालों को बढ़ाना, ताकि राजवीर के गंभीर, थके-हारे और भीतर से टूटे हुए व्यक्तित्व को पर्दे पर जीवंत किया जा सके।

अपने इस बदलाव के बारे में बात करते हुए गौरव चोपड़ा ने कहा, "जब मुझे 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में प्रोफेसर राजवीर शास्त्री का किरदार ऑफर किया गया, तभी मुझे समझ आ गया कि ये कोई साधारण किरदार नहीं है। ये एक ऐसा व्यक्ति है जिसकी कहानी को पूरी ईमानदारी और सच्चाई से बताया जाना ज़रूरी है। राजवीर कोई पारंपरिक टीवी हीरो नहीं है — वो जटिल है, अंदर से टूटा हुआ



है, लेकिन बेहद बुद्धिमान है। ऐसे किरदार को निभाने के लिए केवल डायलॉग याद करना काफी नहीं होता, इसमें हर स्तर पर खुद को ढालना पड़ता है। सबसे पहले मैंने तय किया कि मैं अपने बाल बढ़ाऊँगा। यह सुनने में छोटा बदलाव लग सकता है, लेकिन मेरा मानना है कि दिखावट पर्दे पर बहुत कुछ बयां करती है। राजवीर का लुक उसके मनोभावों को दर्शाना चाहिए — असामान्य, तीव्र और ज़िंदगी की मार झेल चुका। लंबे बालों ने उसके किरदार को एक रफ एज, एक विद्रोही रूप दिया — जैसे वह दुनिया के अन्याय के खिलाफ खड़ा है। इस लुक ने मुझे उसके दर्द, उसके व्यंग्य और उसके मोक्ष की चाह को भीतर से महसूस करने में मदद की।"

# अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस पर सोनी सब के कलाकारों ने पारिवारिक रिश्तों का मनाया जश्न

परिवार हमारे जीवन का पहला आधार होते हैं — प्यार, ताकत और सहारे का पहला स्रोत। अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस एक खूबसूरत अवसर है, जब हम इन अनमोल रिश्तों का जश्न मना सकते हैं। इस खास मौके पर सोनी सब के कलाकार — प्रियम्वदा कांत, परिवा प्रणति, सायली सालुंखे और तुलिका पटेल ने अपने असल और पर्दे के परिवार के बारे में दिल खोलकर बात की।

तेनाली रामा में शारदा की भूमिका निभा रही प्रियम्वदा कांत ने कहा, "बचपन की कुछ सबसे प्यारी यादें मेरे परिवार के साथ बैठकर वो शो देखने की हैं, जो हमें हँसाते थे, सोचने पर मजबूर करते थे और आपस में बातचीत का जरिया बनते थे। वो पल — जब दादा-दादी से लेकर बच्चे तक सब साथ बैठते थे — मेरे दिल में बस गए हैं। तेनाली रामा के जरिए हमने उसी अनुभव को दोहराने की कोशिश की है — एक ऐसा शो जो पीढ़ियों को जोड़ता है। पर्दे पर रामा और तेनाली रामा परिवार के साथ



मेरा रिश्ता बहुत पवित्र और दिल को छू लेने वाला रहा है, जो कई बार मेरे अपने परिवार की तरह लगता है। हम साथ हँसते हैं, एक-दूसरे का सहारा बनते हैं और एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखते हैं। असल जिंदगी में भी मुझे एक ऐसा परिवार मिला है जिसने हमेशा मुझ पर विश्वास किया है। उनके सहयोग ने मुझे हर चुनौती में मजबूत बनाए रखा है — चाहे वो मेरे एपिसोड्स देखना हो, ईमानदार फीडबैक देना हो या बस चुपचाप मेरा साथ देना — वो मेरे जीवन की असली ताकत हैं।" वागले की दुनिया – नई पीढ़ी, नए किस्से में वंदना की भूमिका निभा रही परिवा प्रणति ने कहा, "अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस पर मैं उन दो परिवारों के लिए आभारी महसूस करती हूँ, जिन्होंने मेरी जिंदगी को पूर्ण बनाया है। घर पर, मेरे पति और बेटा मेरी सबसे बड़ी ताकत हैं — उनके बिना शायद मैं वो नहीं कर पाती जो आज कर रही हूँ। अभिनय एक अनिश्चित और चुनौतीपूर्ण पेशा है, लेकिन उनका विश्वास मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। और फिर है मेरा दूसरा परिवार — वागले की दुनिया के सेट पर। हम इतना वक्त साथ बिताते हैं कि वो सच में मेरा दूसरा घर बन चुका है। सुमित, चिन्मयी, शीहान, भारती जी, अंजन जी — ये सभी ज़मीन से जुड़े, प्यारे लोग हैं। ऐसा लगता है जैसे हम सब एक बड़े संयुक्त परिवार का हिस्सा हों — जहाँ ढेर सारा अपनापन, हँसी और सहयोग हो। मैं खुद को बेहद सौभाग्यशाली मानती हूँ कि मुझे ऑनस्क्रीन और ऑफस्क्रीन दोनों ही जगह इतना स्नेह और समर्थन मिला है।"

वीर हनुमान में अंजनी की भूमिका निभा रही सायली सालुंखे ने कहा, "परिवार ही वो नींव है जहाँ से हमें प्यार, शक्ति और अपनापन मिलता है। भले ही मैं असल जिंदगी में माँ नहीं हूँ, लेकिन अंजनी का किरदार निभाकर मैंने महसूस किया कि पारिवारिक रिश्ते कितने कीमती और शक्तिशाली होते हैं। पर्दे पर हनुमान के साथ मेरा रिश्ता मेरे लिए बहुत ही शुद्ध और वास्तविक है — यह एक ऐसा प्रेम है जो स्वाभाविक रूप से मेरे भीतर बस गया है और इसे मैं सेट के बाहर भी महसूस करती हूँ। उम्बरगाँव में शूटिंग करना, जो मुंबई की भागदौड़ से दूर है, इस अनुभव को और भी खास बनाता है। हमारी पूरी कास्ट और क्रू मेरे लिए अब एक परिवार बन चुकी है। हम साथ खाते हैं, हँसते हैं और एक-दूसरे का सहारा बनते हैं — ठीक जैसे एक सच्चा परिवार। असल जिंदगी में भी मेरा परिवार हमेशा मेरी ताकत रहा है। उनका अडिग प्रेम और समर्थन मुझे हर हाल में ज़मीन से जोड़े रखता है। अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस हमें याद दिलाता है कि परिवार सिर्फ खून का रिश्ता नहीं होता — वो होते हैं जो हमें बिना शर्त प्यार करते हैं, हमारा साथ देते हैं और हमारे विकास में भागीदार बनते हैं — चाहे हम दुनिया में कहीं भी हों।"पुष्पा इम्पॉसिबल में सुशीला की भूमिका निभा रही तुलिका पटेल ने कहा, "परिवार वहीं से शुरू होता है जहाँ हमारी पहली कहानियाँ जन्म लेती हैं, जहाँ संस्कार मिलते हैं और जहाँ बिना शर्त प्यार का वास होता है। हमारे शो में जब आप अपने ऑन-स्क्रीन परिवार से इतना मजबूत रिश्ता साझा करते हैं, तो काम करना और भी आनंददायक हो जाता है। पुष्पा इम्पॉसिबल की टीम — जिसमें जयेश मोरे, इंद्राक्षी, दर्शन, मैं और अन्य शामिल हैं — न केवल कैमरे पर, बल्कि असल जीवन में भी एक मजबूत जुड़ाव साझा करते हैं। जब भी हम शूट करते हैं,

# मिलिये स्टाइलिश सासु मांओं से



जब बात दिलों पर राज करने और स्टाइल का ट्रेंड सेट करने की हो, तो टेलीविज़न की आइकॉनिक सासुएं हमेशा आगे रही हैं - परंपरा की मिठास, रंगों की चमक और अपने दिलकश अंदाज़ के साथ! प्रसिद्ध ऐक्टर्स हिमानी शिवपुरी और सोमा राठौड़ क्रमशः 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा और 'भाबीजी घर पर हैं' में रामकली (अम्मा) की अपनी प्यारी भूमिकाओं के लिये मशहूर हैं। उन्होंने अपनी बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों का दिल जीता है, बल्कि अनापेक्षित रूप से फैशन आइकन्स बनकर भी उभरी हैं। इनकी साड़ियों की स्टाइल, जिनमें रंग-बिरंगे कॉटन से लेकर रिच बनारसी साड़ियां तक शामिल हैं, हर पीढ़ी के फैन्स को आज भी प्रेरित करती है। हर एपिसोड के साथ टीवी की ये सासू मांएं भारतीय कारीगरी और पारंपरिक तरीके से बनाये गये परिधानों को फिर से जीवंत करती है, जिससे देसी फैशन ना सिर्फ ट्रेंडी बल्कि गर्व और प्रेरणा का कारण बन जाता है।



हिमानी शिवपुरी, जो कटोरी अम्मा का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, "कटोरी अम्मा का वाइब्रेंट कॉटन साड़ियों के साथ विंटेज ज्वैलरी पहनने का अंदाज दर्शकों को पसंद है। मैं हमेशा से ही साड़ियों की शौकीन रही हूं, और इस भूमिका ने मुझे भारतीय कारीगरों द्वारा बनाई गई कुछ बेहद खूबसूरत साड़ियां पहनने का मौका दिया है। मुझे बेहद खुशी होती है और संतोष मिलता है जब फैंस, खासकर महिलाएं, शो में पहनी जाने वाली साड़ियों के बारे में बात करती हैं। मुझे याद है कि हाल ही में लखनऊ यात्रा के दौरान, जब मैं एक व्यस्त बाजार में साड़ी खरीद रही थी, एक दुकानदार ने अचानक मुझे पहचान लिया और कहा, 'अम्मा जी, आपका शो तो रोज़ देखता हूं, और आपकी साड़ी का स्टाइल बहुत पसंद है, लोग कहते हैं कि कटोरी अम्मा वाली साड़ी दिखाइए!' वह पल सच में मुझे छू गया। यह अविश्वसनीय है कि एक काल्पनिक किरदार असल जिंदगी के फैशन निर्णयों पर इस तरह का प्रभाव डाल सकता है और दर्शकों से गहरा जुड़ाव बना सकता है। साड़ियां हमेशा मेरे दिल के करीब रही हैं। मैंने अपनी मां को उन्हें पहनते हुए देखा है, और अब, इस भूमिका के माध्यम से, मुझे लगता है कि मैं उस धरोहर को सम्मानित कर रही हूं। मैं ज्वैलरी के साथ भी प्रयोग करना पसंद करती हूं, जैसे एंटीक चोकर्स से लेकर ऑक्सीडाइज्ड झुमकों तक, ताकि अम्मा जी का सिग्नेचर लुक बना रहे। इन स्टाइल्स के लिए जो तारीफें मुझे मिलती हैं, वे पारंपरिक भारतीय परिधान की ताकत और स्थायित्व को याद दिलाती हैं।"

सोमा राठौड़, जो 'भाबीजी घर पर हैं' में रामकली का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, 'मैं जहां भी जाती हूं, लोग रामकली के बनारसी साड़ी वाले लुक की तारीफ करते हैं। यकीन नहीं होगा, लेकिन सभी उम्र की महिलाएं सोशल मीडिया पर मुझे लगातार मैसेज करती हैं कि मैं अपनी साड़ियां कहां से लाती हूं, इसमें मेरे दोस्त और रिश्तेदार भी शामिल हैं! वे खासतौर पर पार्टी या स्पेशल सीन में पहनी गई मेरी बनारसी साड़ियों को बहुत पसंद करती हैं। कुछ फैंस तो मुझे अपनी अलमारी से मिलती-जुलती साड़ियों की तस्वीरें भी भेजते हैं। ऐसा इमोशनल कनेक्शन सच में दिल को छूने वाला है। असल जिंदगी में मैं ज्यादातर वेस्टर्न कपड़े पहनती हूं, लेकिन इस किरदार के जरिए मुझे इन शानदार पारंपरिक कपड़ों को पहनने का मौका मिलता है, और मुझे यह बहुत पसंद आता है। फैशन, खासकर जब वह परंपरा से जुड़ा हो, तो यह पुरानी यादों को ताजा कर देता है। बनारसी साड़ियां सिर्फ स्टाइलिश नहीं हैं, वे हमारी गहरी सांस्कृतिक विरासत को समेटे हुए हैं। मुझे खुशी होती है जब मैं स्क्रीन पर हमारी धरोहर के इस खूबसूरत हिस्से को प्रदर्शित करती हूं। दर्शकों से जो प्यार मिलता है, वह सच में दिल को छू लेने वाला है।"

## एक नजर

### गांव-गांव में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकली तिरंगा यात्राएं



**रायगढ़, 18 मई।** रायगढ़ जिले के गांवों में आज सेना के शौर्य को नमन करते हुए तिरंगा यात्राएं निकाली गई। जिसमें ग्रामवासियों ने उत्साह से हिस्सा लेते हुए देश की रक्षा में समर्पित हमारी सेना के अदम्य साहस, वीरता और बलिदान का जयघोष किया। गांवों में युवा, बच्चे, बड़े बुजुर्ग, महिलाएं सभी वर्ग के लोगों ने तिरंगा यात्रा में सहभागिता निभायी। यात्रा में लोग हाथों में तिरंगा लिए, गर्व और जोश से लबरेज नजर आए। देशभक्ति के नारों से गांवों की गलियां गूंज उठीं, सेना के अदम्य शौर्य को नमन करते हुए वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस पहल को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह है। लोगों ने इसे नई पीढ़ी में देशभक्ति और एकता का संदेश देने की दिशा में एक अहम कदम बताया। साथ ही कहा कि %ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ एक अभियान नहीं, देश और उसकी सेना के प्रति सम्मान और नारी शक्ति के सशक्त समर्थन के लिए एक संकल्प है।

### एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने 19 मई को लैलूंगा थाना परिसर में लगेगा शिविर



**रायगढ़, 18 मई।** छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग द्वारा 2019 से पूर्व पंजीकृत वाहन में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाए जाने हेतु जिला परिवहन कार्यालय रायगढ़ द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिसके तहत जिले के प्रत्येक क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 19 मई को प्रात÷ 10 बजे सुरेश परिवहन सेवा केन्द्र लैलूंगा थाना परिसर में एचएसआरपी रजिस्ट्रेशन हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। परिवहन कार्यालय रायगढ़ ने 2019 से पूर्व पंजीकृत वाहन के वाहन मालिकों को उक्त शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया है।

### शिक्षक भुवनेश्वर आग्रे को मिला राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान



**फरसगांव-कांकेर,18 मई।** भारतीय डाक संचार मंत्रालय द्वारा आयोजित ढाई आखर राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता के अंतर्गत डिजिटल युग मे पत्र लेखन के महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया गया था जिसमे शिक्षक भुवनेश्वर आग्रे ने भाग लेकर प्रथम स्थान अर्जित किया।

भारत सरकार के डाक संचार मंत्रालय निर्देशनुसार भुवनेश्वर आग्रे को मुख्य डाक घर कांकेर मे पोस्ट मास्टर श्रीमती चित्र रेखा सिन्हा द्वारा प्रमाण पत्र एवम चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर डाक सहायक संदीप साहू पंकज साहू अनिल आज़ाद डाक अधिकारी अजय कुमार सोनी सी ए सी अजय नायक एवम अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने बधाई व शुभकामनाएं दिये।

# आपरेशन सिंदूर की सफलता पर नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 18 मई।** रायगढ़ में ऑपरेशन सिंदूर' अभियान की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य और वीरता को नमन करते हुए रायगढ़ में तिरंगा यात्रा निकाली गई। देश भक्ति गीतों और सेना के हौसले व जज्बे को सलाम करते हुए नारों के साथ रायगढ़ के शहीद चौक से शुरू हुई यह यात्रा प्रमुख मार्गो से गुजरती हुई शहर के नटवर स्कूल में समाप्त हुई। इस यात्रा में राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया, महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्री लाल साहू, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी आम नागरिक, बच्चे एवं जवान बड़ी संख्या में शामिल होकर देश के प्रति अपनी एकजुटता एवं सम्मान प्रकट किया।

राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान में यह तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा न केवल तिरंगे के प्रति सम्मान है, बल्कि यह हमारे शहीदों के साथ पहलगाम के कायराना आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष देशवासियों को सच्ची श्रद्धांजलि भी है। यह अभियान देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को सशक्त बनाने का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर से पूरी दुनिया ने भारतीय सेना के शौर्य और कुशलता को देखा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पहलगाम आतंकी हमले पर देश के तीनों सेनाओं ने मिलकर ऑपरेशन सिंदूर अभियान चलाकर जिस सटीकता से आतंकी ठिकानों और पाकिस्तान के प्रमुख एयरबेस को नेस्तानाबुद किया, इसकी चर्चा आज वैश्विक स्तर पर हो रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि टेररिज्म के साथ न तो ट्रेड और न टॉक होगा। देश की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने के लिए लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने कहा कि तिरंगा यात्रा उन माता-बहनों के सम्मान में निकाला जा रहा है। जिनका आतंकी हमले ने सिंदूर उजाड़ दिया था। साथ ही उन सैनिकों के लिए भी जिनके शौर्य एवं जज्बे ने ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाया था। आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से उन आतंकियों को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया गया। इससे देश का हर आम नागरिक जहां गौरवान्वित हो रहा है। वहीं अपने आप को सुरक्षित भी महसूस कर रहा है। भारतीय सेना ने बता दिया कि देश की अखण्डता को छेड़ोगे तो भारतीय सेना छेड़ेगी नहीं।महापौर श्री जीवर्धन चौहान ने कहा सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा जिले में ही नहीं अपितु पूरे देश में जोश के साथ निकाला जा रहा है। भारतीय सैनिकों ने जिस अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया है वह हर देशवासी को गौरव से भर देता है। यह तिरंगा यात्रा हमारी युवा पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति की भावना के संचार के साथ, जनसहभागिता के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का एक संकल्प है। तिरंगा यात्रा की शुरुआत रायगढ़ के शहीद चौक से होते हुए सुभाष चौक, गांधी पुतला चौक, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ चौक से होते हुए नटवर स्कूल मैदान पहुंचे। जिसमें जनसामान्य, जनप्रतिनिधि, एनसीसी, रिटायर्ड सैनिक एवं जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी हाथों में तिरंगा लिए यात्रा का हिस्सा बने। वहीं बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने भी पूरे जोश और उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद के नारों से सम्पूर्ण वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा।इस अवसर पर श्री अरूणधर दीवान, श्री उमेश अग्रवाल, श्री गुरूपाल भल्ला, श्री सुभाष पाण्डेय, श्री श्रीकांत सोमावार, श्री सुरेश गोयल, श्री रत्थू गुप्ता, श्री सतीश बेहरा, श्री विलीस गुप्ता, श्री पंकज कंकरवाल, श्री कौशलेष मिश्रा, श्री पवन शर्मा, श्री गोपाल अग्रवाल, श्रीमती सुषमा खलखो, श्रीमती आशा त्रिपाठी, श्री अरूण कातोरे, श्रीमती शीला तिवारी, श्री शशिकांत शर्मा, अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी सहित जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक व अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य श्री राजेश डेनियल ने किया।

## जिले की सभी पंचायतों,निकायों में निकली तिरंगा यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 18 मई ।** आपरेशन सिंदूर के सफलता पर राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक के बैनर तले जिले भर में विशाल जनसमुदाय द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाला गया जिसमें जिले के सभी पंचायतों एवं नगरीय -निकाय में सभी वर्गो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और देशभक्ति का परिचय दिया।हम सेना के साथ है और आपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र का बैनर लेकर भारत की जीत, सशस्त्र बलों की सुरक्षा और सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों को धन्यवाद देने तख्तियां हाथ में लेकर राष्ट्र प्रेम और देशभक्ति के नारे लगाते हुए भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। बीजापुर शहर में नगरपालिका परिषद से तिरंगा यात्रा का प्रारंभ होकर पुराना पेट्रोल पंप, कलेक्टोरेट परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर होते हुए वापस नगरपालिका पहुंचे। उक्त यात्रा में पुलिस जवानों, जनप्रतिनिधि गण, अधिकारी कर्मचारियों सहित जनसामान्य और मीडिया प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता सोम पुजारी ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने देश की सुरक्षा पर अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले भारतीय सेना अर्धसैनिक बल एवं सशस्त्र बलों के अदम्य साहस और वीरता का स्मरण कराते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में में आतंकवादियों के कायराना हरकत का मुंहतोड़ जवाब दिया और देश के माता-बहनों को न्याय दिलाने सफलता पूर्वक आपरेशन सिंदूर का अभियान चलाया और आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया।

एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल आपरेशन सिंदूर और तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यात्रा में शामिल समस्त जनप्रतिनिधियों, पुलिस जवानों एवं अधिकारी कर्मचारी मीडिया प्रतिनिधी तथा आम नागरिकों का आभार व्यक्त किया ।

## नगर के युवा हिमाचल प्रदेश के प्लेस ऑफ पॉसिबिलिटीज यूथ फेस्टिवल-25 मे चमके



**बीजापुर, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर की युवा टीम को हिमाचल प्रदेश के मध्य में आयोजित प्लेस ऑफ पॉसिबिलिटी यूथ फेस्टिवल में एक असाधारण और जीवन बदल देने वाला अनुभव मिला। राजसी पहाड़ों और भारत और दुनिया भर से युवा दिमागों के एक जीवंत समुदाय से घिरे, यहाँ उनका समय सीखने, हँसी और असीम संभावनाओं से भरा था।पूरे फेस्टिवल के दौरान, युवाओं ने कैंपिंग एडवेंचर, नदी की सैर, गाँव की खोज और स्थानीय हिमाचली समुदायों के साथ सुंदर सांस्कृतिक आदान-प्रदान में भाग लिया। उन्हें जीवन जीने, सोचने और समाज में योगदान देने के वैकल्पिक तरीकों की एक झलक मिली, जिससे उनकी अपनी क्षमता और बीजापुर में अपने घर वापस आने वाले बदलावों के बारे में शक्तिशाली विचार सामने आए।उन्होंने गर्व से अपने खूबसूरत जिले का प्रतिनिधित्व किया, साथी प्रतिभागियों के साथ कहानियाँ, गीत और अपनी जीवंत भावना साझा की। माहौल संवाद, नृत्य, कला और खोज से जीवंत था, और उनकी आवाज़ ने उत्सव में एक अनूठा और महत्वपूर्ण स्वाद जोड़ा हम इस सफलता का जश्न मनाते हैं और उम्मीद के साथ आगे बढ़ते हैं। हम इसे एक वार्षिक परंपरा बनने का सपना देखते हैं - बीजापुर के युवाओं के लिए संभावनाओं की एक व्यापक दुनिया में कदम रखने और सार्थक बदलाव लाने के लिए सशक्त होकर घर लौटने का एक प्रवेश द्वार।यह सिर्फ़ एक उत्सव नहीं था - यह आत्म-खोज, जुड़ाव और उद्देश्य की यात्रा थी। और बीजापुर के युवाओं के लिए, यह सिर्फ़ शुरुआत है।प्लेस ऑफ़ पॉसिबिलिटीज़ एक खूबसूरत पहल है जो भारत और दुनिया भर के युवाओं को सामुदायिक जीवन, आत्म-चिंतन और समाज में रचनात्मक योगदान का पता लगाने के लिए एक साथ लाती है। त्योहारों, गाँवों में विसर्जन और प्रकृति-आधारित रोमांच जैसे आनंददायक अनुभवों के माध्यम से, यह सोचने, जुड़ने और बदलाव लाने के नए तरीके खोलता है। संभावना और उत्सव की भावना के साथ, यह पहल युवाओं को एक बेहतर दुनिया की कल्पना करने और उसे साथ मिलकर बनाने के लिए प्रेरित करती है। राष्ट्रीय स्तर की इस युवा महोत्सव मे बीजापुर के युवाओ की भागीदारी बीजापुर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा की दूरदर्शिता एवं प्रेरणादायी संकल्पना से संभव हो पाया , जिसके कारण सुदूर जिले से अंदरूनी क्षेत्र के युवा इस गौरवशाली महोत्सव मे भाग ले पाए !युवाओ के इस गतिशील समूह को भेजनें के उनके प्रयासों ने क्षेत्र के युवाओ मे उत्साह और प्रेरणा के बीज बो दिए है बीजापुर दल में शामिल आशीष कड़ती रिंकू तेलम

सुदारु रितेश मोडियम माधुरी बघेल अंजू तेलम अंकिता मौर्या बिंदु तेलम, ईशा कुड़ियम भुवन एंड्रिक और दल की प्रबंधक कुमारी ज्योति यादव है। समस्त जानकारी बीजापुर दल की प्रबंधक हृहुस्‌ कोच कुमारी ज्योति यादव ने बताया।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सभी पंचायतों में निकाली गई तिरंगा यात्रा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भोपालपटनम,18 मई।** ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता पर राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक बैनर तले भोपालपटनम नगर सहित विकासखंड के सभी पंचायतों में एक साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत आयोजन में जनसामान्य, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-युवा, पुलिस जवान और मीडिया प्रतिनिधियों सहित नगरवासियों ने भाग लिया। हाथों में तिरंगा, देशभक्ति की तख्तियां और भारत माता के जयघोष के साथ नगर की सड़कों पर उमड़ा जनसमूह राष्ट्र के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा और सशस्त्र बलों के प्रति आभार व्यक्त करता दिखा। 'भारत माता की जय', 'वीरों को सलाम', वंदे मातरम, जैसे नारों से नगर गूंज उठा। यात्रा की शुरुआत आत्मानंद स्कूल से हुई जो मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः आत्मानंद स्कूल में समाप्त हुई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि भारतीय सेना, अर्धसैनिक बल और सशस्त्र बलों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों की कायराना हरकत का मुंहतोड़ जवाब देकर न केवल देश की सरहदों की रक्षा की बल्कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से मातृशक्ति के सम्मान और न्याय की रक्षा भी की। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा न केवल हमारी भावनाओं का प्रतीक है, बल्कि देश की सुरक्षा में लगे जवानों के प्रति सम्मान और एकजुटता का संदेश भी है। भोपालपटनम की जनता ने एक स्वर में देश के वीर जवानों को सलाम किया और यह जताया कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है।इस यात्रा में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री पेरे पुलैया, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता कुड़ेम, बिलाल खान एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित डिप्टी कलेक्टर दिलीप उईके सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## फरवरी,मार्च में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक,संकुल समन्वयक सम्मानित



**सुकमा,18 मई।** जिले में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को जिला कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव द्वारा विनोबा ऐप पर फरवरी एवं मार्च माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं संकुल समन्वयकों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सुकमा संकुल से आकाश कनोजिया, कुड़मेलपारा संकुल से फिरोज खान, पेरमारास संकुल से प्रवीण मिश्रा, और तोंगपाल संकुल से घनश्याम साहू को सम्मान प्रदान किया गया। इसके अलावा 'पोस्ट ऑफ द मंथ' के जिला स्तरीय विजेता हपका मुत्ता, भाषाई गतिविधियों में 'बोलेगा बचपन क्लब' की विजेता चंद्रिका कोठारी, तथा छिंदगढ़ विकासखंड से प्रेमा तिर्के को भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर जिला कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने सभी शिक्षकों को उनके कार्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और भविष्य में भी ऐसे ही बेहतर कार्य करते रहने की शुभेच्छा व्यक्त की।कार्यक्रम में विनोबा टीम की ओर से प्रोजेक्ट अधिकारी सागर गजभिये एवं प्रोग्राम मैनेजर भारत सिन्हा भी उपस्थित रहे।विनोबा ऐप, ओपन लिंक्स फाउंडेशन की एक अभिनव पहल है, जो शिक्षकों को डिजिटल मंच के माध्यम से आपस में जुड़ने, शैक्षणिक नवाचार साझा करने और एक-दूसरे से सीखने का अवसर प्रदान करता है। हर माह उत्कृष्ट पोस्ट करने वाले शिक्षकों को 'पोस्ट ऑफ द मंथ' के तहत सम्मानित किया जाता है, जिससे शिक्षकों को पहचान और प्रोत्साहन मिलता है।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित

**बीजापुर, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सीबीएसई



बोर्ड द्वारा दिनांक 13.05.2025 को शैक्षणिक सत्र 2024-25 का कक्षा दसवीं तथा बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमे बीआईओपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल किरंदुल, एनएमडीसी परियोजना विद्यालय के कक्षा दसवीं में कु- आरजू परवीन - प्रथम (69.60त्न), मा. जय हिन्द पटेल- द्वितीय (64.40त्न) एवं कु. ज्योति मसूरे- तृतीय (61.80त्न) स्थान पर रहे। कक्षा 10वीं में 03 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 8 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी तथा 5 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में रहे। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा । इसी तरह कक्षा 12वीं में कु. देविका भादुरी- प्रथम (87.00 प्रतिशत), कु. भूमिका- द्वितीय (81.40प्रतिशत) एवं कु. स्नेहा यादव- तृतीय (77.60प्रतिशत) स्थान पर रहे। कक्षा 12वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत 76.79त्न रहा जो अच्छा है। कक्षा 12वीं में 24 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी तथा 19 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में रहे। विज्ञान संकाय में कु. देविका भादुरी- प्रथम (87.00प्रतिशत), कु. गौतमी नाग- द्वितीय (72.00त्न) एवं मा. शुभम घोष- तृतीय (71.00प्रतिशत), इसी तरह वाणिज्य संकाय में कु. स्नेहा यादव- प्रथम (77.60प्रतिशत), मा. साहिल गेडाम- द्वितीय (72.20त्न) एवं कु. रोशनी खुरा- तृतीय (69.00त्न) क्रमशः कला संकाय में कु. भूमिका- प्रथम (81.40प्रतिशत), मा. रुपेश हालदार- द्वितीय (73.00त्न) एवं कु. रागिनी साह- तृतीय (70.80प्रतिशत) स्थान पर रहे।सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाईयां। प्राचार्य श्री सुनील कुमार दुबे ने बताया कि अगले वर्ष हम इससे बहुत अच्छा परिणाम लाने का प्रयास करेंगे।

# तिरंगा यात्रा निकाल सेना के शौर्य को नमन किया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा,18 मई।** भारतीय सेना के अदम्य साहस और पराक्रम को नमन करते हुए आपरेशन सिन्दूर की सफलता पर राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये नागरिक कार्यक्रम के तहत चिंगावरम और सुकमा में तिरंगा यात्रा निकाली गई। कुम्हाररास में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और आम नागरिक सहित जनप्रतिनिधियों ने हाथ में तिरंगा ध्वज लेकर भारत माता की जय, हिन्दुस्तान जिन्दाबाद, वन्दे मातरम्, जयहिन्द, जय जवान-जय किसान के नारे लगाये। इस दौरान शहरवासियों में देश के प्रति देशभक्ति की भावना और राष्ट्र प्रेम की झलक दिखाई दी। आम नागरिकों ने देश की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए एकता और अखंडता पर बल दिया।राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये नागरिक कार्यक्रम के तहत आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के गृहमंत्री श्री विजय शर्मा और वन मंत्री श्री केदार कश्यप भी शामिल हुए। गृहमंत्री श्री शर्मा ने आपरेशन सिन्दूर को सफल बताते हुए कहा कि भारत ने आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब दिया है। जिन माताओं का बेटा खोया, जिन बहनों का सुहाग उजड़ा और जिन बच्चों ने अपने पिता खोये उन सभी के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं हैं। आज देश के वीर जवानों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि भारतीय सेना हमारे देश के गौरव हैं। उनके सम्मान स्वरूप तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आज हम तिरंगा यात्रा के माध्यम से भारतीय सेना के सम्मान के लिये एकजुट हुए हैं। यह गौरवान्वित होने का क्षण भी है कि हम सभी देश की एकता और अखंडता के लिये समर्पित होकर एकसाथ खड़े हुए हैं। आईजी बस्तर श्री पी सुंदरराज ने कहा कि देश की सुरक्षा में हमारे सेना का महत्वपूर्ण योगदान है। आपरेशन सिन्दूर के माध्यम से हमारी सेना ने आतंकवाद पर प्रहार किया। सेना के पराक्रम और शौर्य को जन-जन तक पहुंचाने और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत सुकमा के नागरिकों ने तिरंगा यात्रा में अपनी सहभागिता दी है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने तिरंगा यात्रा में शामिल सभी नागरिकों को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि भारतीय सेना के शौर्य के लिए हम सभी गौरवान्वित हैं। उन्होंने जिला प्रशासन के इस कार्यक्रम में शामिल सभी जनप्रतिनिधियों आम नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर इस अवसर पर राज्य महिला आयोग सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, डीएफओ श्री अक्षय भोंसले, एएसपी श्री उमेश गुप्ता, जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे, नगरपालिका अध्यक्ष श्री हूंगाराम मरकाम, जिला पंचायत सदस्य श्री कोरसा सन्नू, श्री अरुण सिंह भदोरिया, श्री नूपुर वैदिक, श्री विश्वराज सिंह चैहान, श्री दिलीप पेद्दी, रंजीत बारठ एवं पार्षदगण सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्तागण, सर्व समाज जन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## बस्तर की वादियों में शांति और सुकून की स्थापना हमारा पहला उद्देश्य :उपमुख्यमंत्री शर्मा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा,18 मई।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कलेक्ट्रेट कार्यालय सुकमा में युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि बस्तर के खूबसूरत घने जंगल में कई सालों से नक्सल विचारधारा को ख़त्म करने का प्रयास छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा किया जा रहा है। सरकार आने वाले 31 मार्च 2026 तक इसे ख़त्म करने के लिए कड़े इंतज़ाम कर रही है इसका आभास करेगुट्टा की पहाड़ियों में चलाए गए नक्सल विरोधी अभियान से होने लगा है। डिप्टी सीएम ने सुकमा के पत्रकारों के द्वारा खिची हुई बेहद अच्छी और खुशनुमा तस्वीर साझा की और कहा जो बस्तर सुकमा क्षेत्र कभी लाल आतंक (नक्सलवाद) का गढ़ था, जहाँ लोग भय के कारण घरों से नहीं निकलते थे, आज वहाँ के पंचायतों में भयमुक्त होकर फोन चलाते बच्चों को देख मन आनंदित है। आप इस तस्वीर को जरूर देखिए जो लोग नक्सल विचार धारा को समर्थन देते है और कहते है ÷दादा लोग ही पहाड़ों को बचा कर रखें है÷ मैंने कई ऐसे लोगों से मुलाकात की है जो अनजाने में सही लेकिन विस्फोट का शिकार हुए और अपने जीवन के सारे रंग अपने अंग को खोकर खुद को हमेशा के लिए खो दिया है। और ऐसे लोग बस्तर संभाग के हर जिले में मौजूद है। हमें चुनाव करना होगा किसी एक का क्योकि जहाँ शिक्षा पहुची तो वहाँ लोग शिक्षित होंगे और उन्हें रोजगार और स्वरोजगार मिलेगा। लेकिन नक्सल विचारधारा के समर्थन से हमें क्या लाभ मिल रहा है इस पर बस्तवासियों को गहरे मंथन करने और निर्णय लेने की आवश्यकता है। आप सभी युवाओं से अनुरोध है कि इस नक्सल विचारधारा को समाप्त करने की दिशा में सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से लोगों को जागरूक करें ताकि बस्तर नक्सल मुक्त हवा में शांति और सुकून की साँस ले सके।

### राशन वितरण में अनियमितता, जबगा के शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक पर हुई एफआईआर

**रायगढ़, 18 मई।** शासकीय उचित मूल्य दुकान जबगा के संचालक मां अम्बे महिला कल्याण समिति के अध्यक्ष-श्री भगवान सिंह व सचिव-श्री शेष कुमार साहू को दुकान संचालन में अनियमितता बरतने/व्यवपर्तन पाए जाने के कारण संचालक के विरूद्ध छ.ग.सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण)आदेश 2016 के तहत वैधानिक कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई है। एसडीएम धरमजयगढ़ श्री धनराज मरकाम के निर्देश पर खाद्य निरीक्षक धरमजयगढ़ ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया है।

### नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**बचेली, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिरंगा यात्रा में



नागरिकों का उमड़ा जन सैलाब, बचेली के नागरिकों ने दिया एकजुटता और देशभक्ति का संदेश ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गई शौर्य तिरंगा यात्रा शहर के मुख्य मार्गों पर देशभक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा लोगों ने भारतीय सेना के सम्मान में देशभक्ति के लगाए जोशीले नारों के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा, यात्रा कार्यालय नगर पालिका से प्रारम्भ हुई जो बस स्टेण्ड घड़ी चौंक, मार्किट, हनुमान मंदिर होते हुए किशोरी चौंक से नगर पालिका कार्यालय पहुंची यात्रा मे देश भक्ति के नारे एवं विजय जुलुस निकाला गया कार्यक्रम मे नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल, उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी, पार्षद सलीम रजा उस्मानी, पार्षद हरीश शर्मा, पार्षद धंसिंग नाग, पार्षद विजय भोगामी, पार्षद रघुनाथ, पार्षद दीपक सरकार, पार्षद बिना साहू, पार्षद झीलकी नाग, पार्षद श्रीमती विलाशीनी नाग, पार्षद संजीव साव, पार्षद सुनील गाइन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पी टी एम कृष्णा राव, इंजीनियर संतोष नेगी, पुलिस विभाग, नगर पालिका के समस्त कर्मचारी अधिकारी एवं स्वच्छता दीदीया उपस्थित रहे ।

# तिरंगा यात्रा निकालकर मनाया ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 18 मई।** भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य, बलिदान और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण को सम्मान देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन विशेष रूप से सेना द्वारा संपन्न ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को समर्पित रहा। जिसने सम्पूर्ण राष्ट्र को गौरवान्वित किया है।

तिरंगा यात्रा का नेतृत्व नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। यात्रा नगर पालिका कार्यालय से प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक तक पूरे उल्लास एवं गौरव के साथ सम्पन्न हुई। राष्ट्रभक्ति के नारों, लहराते तिरंगों और नागरिकों के जोशीले उत्साह ने सम्पूर्ण वातावरण को देशप्रेम से अभिभूत कर दिया। इस अवसर पर नगर के पूर्व सैनिक, पार्षदगण, अधिकारीगण, समाजसेवी, महिला मंडल, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। सभी की सक्रिय भागीदारी ने यह संदेश दिया कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारी अस्मिता, सम्मान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। यात्रा का प्रमुख उद्देश्य देश के रक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करना, युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना तथा सामाजिक एकता, अखंडता और सजग नागरिकता को प्रोत्साहित करना रहा। यात्रा के समापन अवसर पर उपस्थितजनों ने एक स्वर में भारतीय सेना को नमन करते हुए तिरंगे को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अश्वनी शर्मा ने कहा भारतीय सेना के अद्वितीय साहस और बलिदान ने हमें यह आज़ादी और सुरक्षा का वातावरण प्रदान किया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी सफलताएँ हम सभी को गर्व से भर देती हैं। यह तिरंगा यात्रा हमारे उन वीर जवानों के प्रति आभार और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। यह आयोजन न केवल नगर भाटापारा में देशभक्ति की भावना को पुनर्जीवित करने वाला सिद्ध हुआ, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# प्रभारी मंत्री ने कुसमी में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## करोड़ों के विकास कार्यो की दी स्वीकृति



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 18 मई।** जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शुक्रवार को जिला प्रवास के दौरान विकासखंड पलारी के ग्राम कुसमी में आयोजित जनचौपाल में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देशित किये। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने करोड़ों के विकास कार्यो की स्वकृति दी जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोसमंदी में स्टॉफ आवास, आयुष्मान आरोग्य मंदिर गातापार में आहाता निर्माण, 300 मीटर नहर निर्माण, कुसमी स्वास्थ्य केंद्र में अहाता निर्माण, गुरुघासीदास चौक में सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति दी। इसके साथ ही हायर सेकेण्डरी स्कूल कुसमी में मैदान का समतलीकरण हेतु मनरेगा से प्रताव देने एवं सीसी रोड निर्माण के लिए सर्वे कराने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि हमारी सरकार लोगों की समस्याओं को सुनने और समाधान करने उनके पास पहुंच रही है। शासन की योजनाओं को समाज के अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुशासन तिहार का उद्देश्य है। इस दौरान ग्रामीणों ने राजस्व से सबंधित जमीन का पट्टा, आबादी भूमि का पट्टा, पीएम आवास एवं महतारी वंदन योजना में पंजीयन की मांग की। प्रभारी मंत्री ने एसडीएम एवं तहसीलदार को राजस्व संबधित समस्या का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृव में सरकार हर वर्ग के लोगों के लिए योजना लागू की गई है। अपने पात्रता अनुसार सभी हितग्राही योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक स्थिति मजबूत करें। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, कृष्णा अवस्थी, तेजराम वर्मा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## एक नजर

### अनुमति के बिना मुख्यालय से अनुपस्थित रहने पर पटवारी निलंबित

**बलौदाबाजार, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बिना सूचना एवं पूर्व अनुमति के कार्य एवं मुख्यालय से अनुपस्थित रहने वाले पटवारी को निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क़ानूगो शाखा तहसील कसडोल में संलग्न पटवारी दीपकदास 1 अप्रैल 2025 से बिना सूचना एवं अनुमति के लगातार अपने कार्य एवं मुख्यालय से अनुपस्थित रहने के कारण छतीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 के अनुसार एसडीएम कसडोल द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय कसडोल नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### प्री बीएड व प्री डीएलएड परीक्षा 22 मई को दस हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

**बलौदाबाजार, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 22 मई 2025 को प्री बीएड एवं प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा 2025 का आयोजन किया जा रहा हैं। परीक्षा आयोजन हेतु जिले में कुल 26 केंद्र बनाए गये हैं जिसमें 10 हजार 308 परीक्षार्थी शामिल होंगे।कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को केन्द्राध्यक्ष एवं ऑब्जर्वरों की बैठक लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिये। इस दौरान बैठक में अनुपस्थित 9 ऑब्जर्वर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने परीक्षा को संवेदनशील बताते हुए विशेष सतर्कता और सावधानी बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट निर्देशित किया कि सभी परीक्षा के प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित करें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनुचित साधनों के प्रयोग पर कड़ी मॉनिटरिंग करें। परीक्षा समय पर शुरू और समाप्त हो। बताया गया कि प्रथम पाली में प्री बीएड प्रवेश परीक्षा प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12 :15 बजे तक आयोजित होगी जिसमें 16 केंद्रों में 3464 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा द्वितीय पाली अपरान्ह में 2 बजे से 4 :15 बजे तक 26 केंद्रों में आयोजित होगी जिसममें 6844 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### आपदा पीड़ित परिवारों को 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रति व्यक्ति 4-4 लाख रूपये के मान से 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 16 मई 2025 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों मे विरेन्द्र पिता अमारु राम निवासी ग्राम खपराडीह, तहसील भाटापारा, रामला बाई पटेल पति स्व चैतराम पटेल, निवासी ग्राम बलौदा, तहसील टुण्डरा, शशि साहु पति श्यामलाल साहु, निवासी ग्राम लाहौद, तहसील लवन शामिल हैं। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ितों के बैंक खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

## आपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाल कर

# देश की रक्षा के लिए सेना का आभार माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी, 18 मई।** राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नगर पंचायत के बैनर तले तिरंगा यात्रा निकाली गई इस दौरान भारत माता के जयकारों के साथ तिरंगा झंडे को लहराते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सेना के शौर्य और पराक्रम के मद्देनजर नगरी में शान से तिरंगा यात्रा निकली। नगर के इस यात्रा में नगर अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, रवि दुबे, अजय नाहटा, नागेंद्र शुक्ला, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, भरत निर्मलकर, रुपेंद्र साहू, शुभम यदू, मोहन नाहटा, सहित नगर पंचायत के सभी पार्षद एवं अधिकारीकर्मचारी एवं स्वच्छता दीदी भी शामिल हुई, यात्रा शाम 5 बजे नगर पंचायत से शुरू हुई और शहीद स्मारक पर समाप्त हुई, यात्रा के दौरान हाथों में तिरंगा लहराते भारत माता के जयकारों के साथ शान से निकली तिरंगा यात्रा, सभी लोगों ने देश के वीर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देकर आपरेशन सिंदूर की सफलता एवं देश की रक्षा के लिए सेना का आभार व्यक्त किया। सभी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कठोर निंदा की और इसके लिए जिम्मेदार आतंकियों को सबक सीखाने भारतीय सेनाओं द्वारा की गई कार्रवाई की प्रशंसा की। तिरंगा यात्रा का गरिमामय और अनुशासन के साथ आयोजन हुआ। आयोजित इस तिरंगे यात्रा का उद्देश्य आमजनों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है।

यात्रा के प्रारंभ होने से पहले लोगों को संबोधित करते हुए महापौर रामू रोहरा ने कहा कि भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में पूरी दुनिया को यह बता दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई होगी। भारत अब अपने देश की बहन-बेटियों का सिंदूर उजाड़ने वाले आतंकियों और उनकी मदद करने वालों को घर में घुस कर सज़ा देगा। उन्होंने कहा कि हमारी सेनाओं ने बिना किसी तरह के नुक़सान के इस कार्रवाई को दुश्मन के घर में घुसकर सफलता के साथ पूरा किया है। धमतरी ही नहीं, पूरे देश को तीनों सेनाओ के जवानों पर पूरा विश्वास है कि जब तक वे सीमाओं पर है देश सुरक्षित है। उन्होंने ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भारत सरकार की नीति-रीति की भी सराहना की।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने तिरंगा यात्रा में शामिल सभी लोगो में उत्साह भरा और कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता ने भारत की साख पूरी दुनिया में स्थापित कर दी है। इस ऑपरेशन की सफलता ने यह बता दिया है कि भारतीय सेनाएँ किसी भी स्थिति-परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह हमेशा तैयार है। उन्होंने कहा कि हम सबको देश की सेनाओं पर गर्व है, क्योंकि जब सेना के जवान सीमाओं पर रात दिन जागकर उनकी सुरक्षा करते है तभी सीमाओं के अंदर हम सब चैन से सुरक्षित रह पाते है, अपने सभी काम कर पाते है। मिश्रा ने कहा कि देश की सरकार और हमारी नीतियों को भी इस ऑपरेशन से विश्व स्तर पर संबल मिला है। कलेक्टर ने भी भारतीय सेनाओं के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और भारत माता की जय के नारे लगाए। एसपी सूरज सिंह परिहार ने संस्कृत के श्लोक का वाचन करते हुए कहा कि हमेशा बहादुर-वीर ही इतिहास गढ़ता है। आतंक के खिलाफ लड़ना और उसका मुंहतोड़ जबाव देना ही उसका इलाज है और हमारी सेनाओं ने ये कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि किसी भी लड़ाई में जवानों की बहादुरी के साथ साथ जन सहयोग भी महत्वपूर्ण होता है। पूरा देश आज भारत की सेनाओं के साथ है। उन्होंने कहा कि सीमा पर सेना और सीमा के भीतर पुलिस लोगों को सुरक्षित रखने का काम करती है। पुलिस भी एक तरह से सेना का ही रूप है इसीलिए जागरूक नागरिक बनें और अपनी ही सुरक्षा के लिए पुलिस को सहयोग करे। इस यात्रा में पूर्व सैनिकों, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों, एसीसी, एनएसएस, स्काउटगाईड के साथ-साथ खिलाड़ियों, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुंद्ध नागरिकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। लोगों के हाथों में देशभक्ति के नारे और राष्ट्र रक्षा के प्रति उत्साहवर्धन वाले बैनर-पोस्टर दिखे। तिरंगा यात्रा के दौरान ऑपरेशन सिन्दूर का लोगो वाला बैनर प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। यात्रा के दौरान भारत की सेना, सुरक्षा बलों और अर्द्धसैनिक बलों के योगदान को प्रदर्शित करने वाले पोस्टर-प्ले कार्ड्स भी प्रदर्शित किए गए। देशभक्ति गीतों से सजे सभी धुनों, झण्डों-पोस्टरों से पूरा माहौल को ओतप्रोत रहा। तिरंगा यात्रा के माध्यम से ऑपरेशन सिन्दूर को समर्थन, सेना के प्रति सम्मान एवं आभार तथा नागरिकों को राष्ट्रीय भावना जागृत करने का प्रयास किया गया।



### सेना से सेवानिवृत्त सैनिक भी हुए शामिल

तिरंगा यात्रा में सेना से रिटायर हो गए धमतरी जिले के निवासी सैनिकों-अधिकारियों ने भी शिरकत की और लोगों में देशभक्ति की भावना को जाग्रत किया।सेना की अपनी फुल ड्रेस और सीने पर मेडलों की कतर शोभित किए इन पूर्व सैनिकों के साथ पूरी यात्रा में लोग फोटो खिंचवानी का प्रयास करते रहे। पूर्व सैनिक मुरारीलाल साहू, टिकेश्वर साहू, अश्वनी पाटकर, चमन लाल ध्रुव, जोहारलाल मंडावी सहित अन्य पूर्व सैनिकों ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और पुष्पांजलि अर्पित की।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर नागरिक तिरंगा यात्रा निकाल कर

# भारतीय सेना के अदम्य साहस, निष्ठा और पराक्रम पर जताया आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 18 मई।** भारत की सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में पनप रहे आतंकवाद के विरुद्ध मुंहतोड़ जवाबी कार्रवाई की गई। ऑपरेशन सिंदूर के सफल अभियान से सेना की बहादुरी और जज्बे को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने आज जिले में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सकरी में जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा निकाली गई।

तिरंगा यात्रा ग्राम सकरी के दुर्गा चौक से अपरान्ह 4 बजे भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद की जयघोष के साथ शुरू हुई जो डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल परिसर में सम्पन्न हुई। यात्रा में भारी संख्या में छात्र, पूर्व सैनिक, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस बल और मीडिया, आम नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संदीप फेकर एवं ईश्वर साहु का शाल व फल से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री जायसवाल ने कहा कि भारत हमेशा शांति और विकास के पथ पर चलने वाला देश है लेकिन जबज़ब हम पर विदेशी आक्रमण हुआ है हमारी सेना ने डटकर मुकबला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत का संकल्प वाला भारत है जो किसी भी आक्रमण का मुंहतोड़ जवाब देना जानती है।पाकिस्तान की कायराना हरकत लगातार जारी है जिसका माकूल जवाब दिया जा रहा है। पाकिस्तान आतंकवादियों का पनाहगार एवं पोषक हैं। उसके भेजें आतंकियों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हमारे 26 निर्दोष पर्यटको के जान ले लिया जिसके विरुद्ध ओपेरेशन सिंदूर चलाया जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई थी जिसमें हमारी सेना ने बिना पाकिस्तान के अंदर घुसे उसके 100 आतंक़वादियों को जहन्नुम पहुंचाया और सैन्य ठिकाने तबाह किये। उन्होंने कहा कि हम अभी केवल युद्ध विराम किये है जरुरत पड़ी तो युद्ध शुरू भी हो सकता है जिसके लिए पूरा देश एक जुट है।ऑपरेशन सिंदूर हमारे वीर सेना के अदम्य साहस और शौर्य का परिचय है। उनके वीरता के प्रति हम आभार व्यक्त करते हैं।

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान की शह से देश में आतंकवादी घटना होते रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद से निपटने सेना को खुली छूट दे रखी है जिससे सेना तत्काल जवाब कार्रवाई करती है। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 निर्दोषों को जान गंवाना पड़ा।



# स्वास्थ्य मंत्री ने किड्स समर कैम्प और नवप्रेरणा कोचिंग का किया शुभारंभ



■ समर कैम्प में बच्चों को कला एवं विज्ञान की मिलेगी मुफ्त ट्रेनिंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 18 मई।** जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शुक्रवार को एमडीवी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बलौदाबाजार में किड्स समर कैम्प एवं विकासखंड स्तरीय नवप्ररेरणा कोचिंग का शुभारम्भ किया। उन्होंने करीब दो माह तक चलने वाले समर कैम्प में विभिन्न प्रशिक्षण का भी अवलोकन किय। इस दौरान उन्होंने संगीत प्रशिक्षण ले रहे छात्रों के साथ गिटार बजाकर छात्रों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने समर कैम्प को गर्मी छुट्टी का सदुपयोग करने का बेहतर माध्यम बताया। यह समर कैम्प पूरी तरह निःशुल्क है और इसमें जिले के किसी भी स्कूल के किसी भी उम्र के बच्चे भाग ले सकते हैं। यहां बच्चों को गायन, वादन और नृत्य कला के साथ ही एयरोमॉडलिंग, रोबोटिक्स की बारीकियां सिखाई जाएगी।नवप्रेरणा कोचिंग सेंटर का विस्तार-उद्घाटन अवसर पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक और बड़ी पहल की गई। जिला प्रशासन द्वारा पहले से संचालित नवप्रेरणा कोचिंग सेंटर का विस्तार करते हुए अब इसे जिले के सभी पांच विकासखंडों में शुरू किया गया है। इस सेंटर को टू-वे कम्युनिकेशन सिस्टम से जोड़ा गया है जिससे मुख्य केंद्र से सीधे संवाद संभव होगा। साथ ही कोचिंग की सभी कक्षाएं यूट्यूब लिंक के माध्यम से भी उपलब्ध रहेंगी, जिससे छात्र कभी भी क्लास देख सकेंगे। कला और तकनीक से होंगे रूबरू-कला प्रशिक्षण के साथ ही इस समर कैंप में बच्चों के लिए विज्ञान और तकनीक से जुड़ी कई विशेष गतिविधियां भी रखी गई हैं। इनमें पांच दिवसीय रोबोटिक क्लास, एयरोमॉडलिंग, रोमांचक एयर शो, 3डी पेंटिंग और ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण शामिल है। यह सभी गतिविधियां बच्चों में रचनात्मकता और नवाचार की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से रखी गई हैं। प्लेनेटोरियम से बच्चे समझ सकेंगे आकाशीय घटनाएंकैंप में बच्चों की जिज्ञासा बढ़ाने के उद्देश्य से प्लानिटोरियम की भी विशेष व्यवस्था की गई है। यहां 20 मिनट के शो के जरिए बच्चे सूर्य ग्रहण, चंद्र ग्रहण, तारामंडल की संरचना जैसी आकाशीय घटनाओं को न केवल समझ सकेंगे बल्कि उन्हें महसूस भी कर सकेंगे।

## तिल्दा विकासखंड के गांव तरपोंगी में निकाली तिरंगा यात्रा, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा हुए सम्मिलित

# गांव-गांव में तिरंगा यात्रा निकाल कर सेना के शौर्य को नमन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 18 मई।** भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदुर के माध्यम से कड़ी कार्रवाई में भारतीय सेना के इस बहादुरी और जज्बे को सलाम करते हुए आज पूरे छत्तीसगढ़ में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिल्दा नेवरा नगरपालिका परिषद ओर नागरिकों द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं छात्र-छात्राओं, युवाओं और ग्रामवासियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। ग्राम पंचायत तरपोगी विकास खंड तिल्दा में राजस्व मंत्री स्मलित हुए। पालिका क्षेत्र में नगरपालिकाद् अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा सहित पार्षद और सरकारी अधिकारी उपस्थित थे सभी तिरंगा यात्रा में शामिल होकर लोगों का उत्साहवर्धन किया।

बीजेपी नेता अनिल अग्रवाल। राम पंजवानी सुंदर पंजवानी नरेंद्र शर्मा राजेश सेंटपाल मनोज निषाद सौरभ जैन रानी जैन ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में भारतीय सेना के जांबाज सैनिकों के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने को ध्वस्त किया और यह दिखाया कि ऐसी कायराना हरकतों का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने पहलगाम घटना के बारे में बताते हुए कहा कि जिन आतंकवादियों ने हमारे लोगों को हम से दूर किया, उनको सबक सिखाने के लिए हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकियों के ठिकानों में हमला करके उनके ठिकानों को ध्वस्त किया। उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि हमारे देश को जो नुकसान पहुंचाएगा, उन्हें हम नहीं बख्शेंगे। एक तरफजहां हमारी सेना सरहदों में देश की रक्षा कर रहे हैं, वहीं देश के अंदर भी हम नक्सलवाद से लड़ाई लड़ रहे हैं। नक्सल समस्या समाप्त होने पर शांति के वातावरण में बस्तर में विकास और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने देश सेवा के पश्चात लौटे पूर्व सैनिकों की भी सराहना करते हुए कहा कि वे जिले के युवाओं भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रशिक्षित करते हुए नई दिशा और देशभक्ति की सीख दे रहे हैं और राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरित कर रहे हैं। तिरंगा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से निकाली गई और डॉ खूबचंद बघेल चौक में सम्पन्न हुई।




### ग्राम तुलसी में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**तिल्दा नेवरा, 18 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत तुलसी नेवरा में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैनिकों का सम्मान करने के लिए को देशभक्ति, जोश और एकजुटता से भरी विशाल तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन देखा। यह आयोजन ग्राम पंचायत से शुरू हुआ। जहां सैकड़ो की संख्या में नागरिक राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत होकर एकत्र हुए। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति की तरंगों से गूंज उठा। इस गरिमामय तिरंगा यात्रा का नेतृत्व जिला पंचायत सदस्य मति शैल महेंद्र साहू ने किया। यात्रा में शामिल जिला पंचायत सदस्य शैल महेंद्र साहू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की सुरक्षा एजेंसियों का एक सशक्त जवाब है. खासतौर पर जिस बहादुरी से 'कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह इस मिशन को अंजाम दिया, वह सराहनीय है. हमें उन पर गर्व हैं। तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत तुलसी सरपंच गुलाब चंद आडिल, उपसरपंच मनीषा वर्मा, समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।




**न्यायालय नजूल तहसीलदार कोण्डागांव जिला कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)**

राजस्व प्रकरण क्रमांक-202505201500006/अ-20(1)/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती बुधनी पति स्व. अशोक, जाति-सोना, निवासी आड़काछेपड़ापारा कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला-आड़काछेपड़ापारा में स्थित भूमि शीट नम्बर 01 भू-खण्ड क्रमांक 284/13 क्षेत्रफल 1626 वर्गफीट भूमि वार्षिक भू-भाटक 10.00 रूपये रिक्त/खुली जगह नजूल संधारण खसरा में आवेदिका स्वयं 1. बुधनी पति अशोक 2. प्रदीप पिता अशोक सोनी जाति सोनार सा. देह के नाम दर्ज होना उल्लेखित करते हुए उक्त भू-खण्ड क्रमांक 284/13 क्षेत्रफल 1626 वर्गफीट की पट्टा अवधि 04.03.2015 को समाप्त होने पर नवीनीकरण हेतु नक्शा, खसरा सहित आवेदन पत्र माननीय न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो कि जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 23.05.2025 तक अपना दावा/आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालयीन समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से आज दिनांक 09/05/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार (नजूल)
कोण्डागांव

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**

फार्म अ

सार्वजनिक सूचना

(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक यश्वनी साहू पिता श्री लतेलू राम, उम्र 25 वर्ष, जाति तेली, साकिन ग्राम खोरदो, थाना कंवर, तह. गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका बिमला वट्टी आ. श्री घनश्याम वट्टी, जाति गोंड़, उम्र 23 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 11, इन्द्रा आवास पारा जामगाँव, थाना व तह. नरहरपुर, जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 09/06/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 09/06 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**आगामी तिथि 09/06/2025**

मुहर

अपर कलेक्टर,
एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला-बालोद (छ.ग.)

## एक नजर

### कांग्रेस की संविधान बचाओ यात्रा 19 से

**रायपुर, 18 मई।** कांग्रेस की संविधान बचाओ यात्रा कल यानी 19 मई से शुरू होगी. पीसीसी चीफदीपक बैज के नेतृत्व में यह रैली निकाली जाएगी. राज्य स्तरीय रैली का आयोजन जांजगीर-चांपा में दोपहर 3 बजे किया जाएगा. इस कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट शामिल होंगे. कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे.

**प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट का छत्तीसगढ़ दौरा** : कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं. इस दौरान वे बिलासपुर में संविधान बचाव रैली में शामिल होंगे. इससे पहले सचिन पायलट रायपुर में पहलगाम हमले के पीड़ित मिरानिया परिवार से मुलाकात करेंगे. . रात्रि विश्राम वे बिलासपुर में करेंगे और कल संविधान बचाओ यात्रा में शामिल होंगे.

### फसलों की सुरक्षा के लिए किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं

**रायपुर, 18 मई।** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के एक प्रभाग श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने अपने नए स्पेशलटी प्लांट न्युट्रिशन प्रोडक्ट्स का लॉन्च किया, साथ ही हाल ही में फसलों की सुरक्षा के लिए पेश किए प्रोडक्ट्स एवं सीड प्रोडक्ट्स के साथ किसानों को मिली सफलता पर भी रोशनी डाली। कार्यक्रम का आयोजन होटल कोर्टयार्ड बाय मेरियट रायपुर, छत्तीसगढ़ में किया गया था, जहां क्षेत्र के चैनल पार्टनर्स इन आधुनिक समाधानों के उद्घाटन के अवसर पर इकठ्ठा हुए। इतना ही नहीं, 100 से अधिक डिस्ट्रब्यूटर्स एवं व्यूअर्स ने लाईव टेलीकास्ट के ज़रिए ऑनलाईन इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जहां श्रीराम सुपर पैडी सीड स्कीम के लिए भव्य पुरस्कार समारोह का आयोजन भी किया गया था। भारतीय किसानों की ज़रूरतों और स्थायी कृषि के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए कंपनी दो आधुनिक लिक्विड फर्टीलाइज़र लेकर आई है- 'श्रीराम पिकासोल' और 'श्रीराम मैगनिका'।

### दो होटलों में सेक्स रैकेट का पर्दाफाश



**रायपुर, 18 मई।** गंज इलाके के दो होटलों में हाईप्रोफाइल सेक्स रैकेट संचालित होने की भनक लगते ही पुलिस ने होटलों में छापा मारा और मौके से 10 कॉलगर्ल को पकड़ा। मामले में होटल संचालक, मैनेजरों की भूमिका भी संदिग्ध है। पुलिस के मुताबिक स्टेशन रोड के दो होटलों में दिल्ली-मुंबई की कॉलगर्ल आने की सूचना पुलिस को मिली थी। इसके बाद पुलिस ने पाइंटर बनाकर होटल में भेजा। देहव्यापार की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने छापा मारा। दोनों होटलों से 18 से 25 साल की 10 कॉलगर्ल को पकड़ा गया। इसमें कुछ युवतियां होटल में ही आकर ठहरती थीं और कुछ को ऑन डिमांड बुलाया जाता था। गंज पुलिस मामले में पीटा एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है।

### निधन

#### मनीषा दुबे



**रायपुर, 18 मई।** प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की सदस्य श्रीमती मनीषा(निशा) पति स्व.श्री प्रफुल्ल दुबे का आज प्रातः मेकाहारा रायपुर में आकस्मिक स्वर्गवास हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर 12 बजे तमेर पारा दुर्ग से निकाली गई।

# मैं दुनिया को मनाने में लगा हूँ मेरा घर मुझसे रूठा जा रहा है



**प**शंकर पांडे ( वरिष्ठ पत्रकार )

पहलगाम में आतंकी हमला, जवाब में आपरेशन सिंदूर और फिर दोनों देशों के बीच संघर्षविराम केसाथ ही किसी तटस्थ जगह पर कश्मीर समस्या केसमाधान की बातचीत की मध्यस्थता से संबंधित अमेरिका केराष्ट्र पति ट्रंप की घोषणा को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब कौन देगाज..विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता भले ही भारत-पाक वार्ता पर तीसरे का हस्तक्षेप नहीं की बात कर रहे हैं, पर पीएम नरेंद्र मोदी तो देश के नाम सन्देश में इस विषय पर कुछ भी बोलना उचित नहीं समझा?भारत की पूर्व पीएम इंदिरा गाँधी से अटलजी तक ने पहले पाक युद्ध के समय अमरीका राष्ट्रपति से बात करने से इंकार कर दिया था पर इस बार तो अमरीका ही युद्ध विराम की घोषणा कर चुका था और भारत-पाक ने मान भी लिया। आजादी के बाद देश ने पराजय का ऐसा भाव पहली बार मह सूस किया है, 1962 मेंचीन से हम पिट गए थे, लेकिन हमारे सैनिकों की बहादुरी, नेहरू के पारदर्शी, निःस्वार्थ नेतृत्व ने निराशा की गहरी खाई में डूबने से बचा लिया था, लेखक, कवियों, फिल्म कारों ने हमें उबरने में मदद की, प्रदीप का लिखा और लता का गाया ÷ऐ मेरे वतन के लोगों ÷ गीत आज भी हमें रोमांचित करता हैज, कैफी का लिखा रफी का गाया ÷कर चले हम फिदा जानोतन साथियों ÷ जैसे गीत हमें बरसों प्रेरित करते रहेंगे। चीन से युद्ध के शर्म नाक नतीजों के 3 सालबाद हमने न केवल1965 का युद्ध जीता बल्कि अनाज में आत्मनिर्भरता पाने कीओर बढ़े, लालबहादुर शास्त्री का 'जय जवानज्जय किसान' खोखला नारा नहीं खेती का कायाकल्प करने वाला साबित हुआ। 1971 के विजय और आगे कीकहानी नहीं दोहराऊंगाज.!आखिर कौन सी बात थी जिसने जय-पराजय में मनोबल को ऊंचा बनायें रखा? ये थे हमारे बुनियादी उसूल, लोक तंत्र, सेकुलरिज्म और समता। युद्ध के समय शास्त्रीजी ने कहा था, पाक, सेकुलरिज्म को खत्म करना चाहता है, हमारे बीच मतभेद पैदा करना चाहता है।तब सर कार ने साम्प्रदायिक एकता को पहले नंबर पर रखा।अब्दुल हमीद जैसे लोगों



की शहादत को दिल से सलाम किया, 1971का युद्ध हमने इसलिए जीता, आजादी, मानवता के महान मूल्यों के लिये अमेरिका जैसे ताकतवर के सामने खड़े हो गए, हमने बांग्ला देश से आनेवालों को घुस पैठिया नहीं, शरणार्थी कहाज.अगर हम गौरव शाली राष्ट्र बनना चाहते हैं तो हमें अपने मूल्यों की ओर लौटना होगाज.नहीं तो कोई ट्रम्प, शीपिंग नीचा दिखा देगा, हमारा नेतृत्व अभी की तरह कुछ करने की स्थिति में नहीं रहेगा.. !दुनिया के नक्शे में 1971 के दिसंबर महीना काफी महत्वपूर्ण हैज्वह इंदिरा गांधी का ही दौर था जब भारत ने 13 दिन तक ऐसा युद्ध लड़ा था, जिसके परि णाम स्वरूप बांग्लादेश नाम के नए देश का उदय हुआ था !वही दौर था जब पाक के 90 हजार फ़ौजियों ने लेफ्टिनेंट जनरल अमीर अब्दुल्ला खा नियाजी के नेतृत्व में भारतीय सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के सामने आत्मसमर्पण किया था, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा आत्मसमर्पण माना जाता है! ग़ौरतलब है कि भारत ने जीत तब हासिल की थी..जब पाक के साथ पश्चिमी गठबंधन और अरब जगत पूरी मजबूती से खड़ा था !1971 की जंग में अमे रिका, पाकिस्तान के साथ मजबूती से खड़ा था, रिचर्ड निक्सन उस समयअमेरिका के राष्ट्रपति, हेनरी किसिंजर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे ये दोनों उस समय पीएम इंदिरा गांधी को जरा भी पसंद नहीं करते थे, जबकि हालात ये थे कि 1971 के युद्ध से एक महीने पहले जब भारत-पाक में तनाव अपने चरम पर था, इंदिरा, अमेरिका की यात्रा पर गईं तो रिचर्ड निक्सन ने उन्हें अपने आफिस से बाहर इंत जार कराया था, मुलाकात के वक्त अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने धमकीभरे अंदाज़ में कहा था, ÷अगर भारत ने पाक के मामलों में दखल दिया, तो अमेरिका चुप नहीं बैठेगा, भारत को सबक सिखाया जाएगा, तब इंदिरा ने व्हाइट हाउस में रिचर्ड निक्सन की आंखों में आंखें डाल दृढ़ता से जवाब दिया..भारत, अमेरिका को मित्र मानता है, मालिकनहीं, भारत अपनी तकदीर खुद लिखने में सक्षम है, जानते हैं कि हालात के अनुसार किससे कैसे निपटना है !÷ साहसिक बातचीत का जिक्रअमेरिकी विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर ने अपनी आत्मकथा में किया, उन्होंने इंदिरा के आत्मविश्वास और दृढ़ता की सराहना की है!1971 की घटना आज भी भारतीय कूटनीतिक क्षमता आत्मसम्मान की प्रतीक मानी जाती है।याद दिलाती है, भारत किसी भी दबाव के आगे झुकने वाला देश नहीं है!71 की लड़ाई में भी अमेरिका ने आर्थिक और सामरिक मदद करते हुए युद्ध में पाक का साथ दिया युद्ध के दूसरे ही दिन भारत के हमले से हिले, पाक के राष्ट्रपति याह्या खान ने अमे रिकी राष्ट्रपति भवन कोएक आपातसंदेश




भेजकर मदद मांगी थी, बाद में अमेरिका ने अपने 7वें बेड़े को बंगाल की खाड़ी में भेजने का फैसला किया था। निक्सन के धमकी भरे फोन पर इंदिरा ने कहा था ÷हिन्दु स्तान किसी से नहीं डरता, चाहे 7वाँ बेड़ा हो या 77 वाँ ÷इसके बाद निक्सन ने चार बार फोन किया मगर इंदिरा गांधी ने बात करने से ही इंकार कर दिया था! जब अमेरिका ने सेना वापस लेने का दबाव बनाया तो इंदिरा ने दो टूक शब्दों में ही कहा था कि-कोई भी देश भारत को आदेश देने का दुस्साहस न करे! यूएसएस एंटरप्राइज नाम का वहबेड़ा परमाणु शक्ति से चलता था उसमें 7विध्वंसक, एक हेलि कॉप्टर वाहक यूएस एस ट्रिपोली और तेलवाहकपोत शामिल थे, उसकी ताकत का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि एक बार ईंधन भरने के बाद पूरी दुनिया का चक्कर लगा सकता था..अमेरिका के 7 वें बेड़े का मुकाबला करने, भारत के मित्र तब सोवियत संघ ने अपना एक बेड़ा भेजा था, यह अमेरिकी बेडे के आगे-पीछे ही चल रहा था और अमेरिकी बेड़े की किसी कार्रवाई का जवाब देने के लिए तत्पर थाज लेकिन इसकी नौबत नहीं आई..पाक सेना के आत्म समर्पण केबाद, खिसियानी बिल्ली की भाँति अमेरिका का 7 वाँ बेड़ा खम्बा नोचने हेतु अमरीका लौट गयाज करगिल युद्ध के दौरान भी तब के पीएम अटल बिहारी बाजपेयी को अमेरिका राष्ट्र पति क्लिटन ने पाक पीएम से बातचीत करने बुलाया था, अटलजी ने यह कहकर इंकार कर दिया था-ज़ब तक भारत की एक इंच जमीन पाक के कब्जे में है, बातचीत का सवाल ही नहीं उठता है, पर इस बार अमे रिका की सीधी भूमिका की चर्चा है, विश्वगुरु बनने का दावा अलग है.? युद्ध के दौरान पाक को अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ)से आर्थिक मदद रोकने भी हम दबाव नहीं बना पाए..?

#### छग नक्सलियों से लगभग मुक्त, सबसे लम्बा, बड़ा अभियान सफल रहा...

करेगुट्टालू पहाड़ियों में सुरक्षा बलों को बड़ी काम याबी मिली है। 31 माओ वादी ढेर, 216 ठिकाने ध्वस्त किये गये, छग पुलिस -केंद्रीय बलों द्वारा संयुक्त रूप से 21अप्रैल से 11 मई 2025 तक चलाए गए 21 दिनों के नक्सल विरोधी अभियान में कुल 31 वर्दी धारी माओवादी मारे गए, 16 महिलाएं शामिल हैं। अभियान में माओवादियों के 216 ठिकानों, बंकरों को ध्वस्त किया गया, भारीमात्रा में हथियार-विस्फोटकजब्त की गई।करेगुट्टालू पहाड़ी, जो छग के बीजापुर और तेलंगाना के मुलुगू जिले की सीमा पर स्थित है, माओ वादी संगठन वर्षों से अपनी सुरक्षित शरणस्थली के रूप में उपयोग कर रहे थे। इस 60 किलोमीटर लंबे, अत्यंत दुर्गम क्षेत्र में पीएलजीए बटालियन की टेक्निकल यूनिट सहित लगभग 300- 350 माओवादी सक्रिय थे।यहां देसी हथियार, आईईडी और बीजीएल शेल तैयार किए जा रहे थे।अभियान के दौरान माओवादियों की 4 तकनीकी इकाइयों को नष्ट किया गया, जहाँ से 4 लेथ मशीनें, 450 नग आई ईडी, 818 बीजीएल शेल, 899 बंडलकार्डेक्स डेटो नेटर और भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की गई राशन, दवाइयां, दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी बरामद हुईं। 21दिनों तक चले अभियान में कुल 21 मुठभेड़ें हुई।सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि बीजापुर की करेगुट्टालू की पहाड़ी पर हमारे जवानों ने जिस शौर्य, साहस का प्रद र्शन किया है, वह माओवाद पर निर्णायक प्रहार है।यह ऑपरेशन नहीं, बल्किभारत के तिरंगे की विजय यात्रा है। सभी सुरक्षाकर्मियों को ह्रदय से बधाईज। हम मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से पूर्णतः मुक्त करने में सफल होंगे।गौरत लब है कि 2025 के शुरु आती चार महीनों में राज्य में कुल 174 हार्डकोरमाओ वादियों के शव



बरामदकिए गए हैं।बलों की मजबूत पकड़ के चलते माओवादी संगठन बिखर रहे हैं, छोटे -छोटे समूहों में विभाजित हो रहे है।निश्चित ही छ्ग के पुलिस मुखिया अरुणदेव गौतम भी बधाई के पात्र हैं, जिनके नेतृत्व में छ्गपुलिस ने रिकार्ड बनाया है।

#### और अब बस...

- भारत-पाक युद्ध विराम के बीच भाजपा नेतृत्व द्वारा तिरंगा यात्रा निकालनाकौन सी राजनीति हैज्?
- लगभग 80 करोड़ लोग भारत में सरकारी अनाज पर निर्भर हैं?आखिर भारत को कहां ले जाया जा रहा है?
- बांग्लादेश उदय के समय वहाँ के कुछ निवासियों को पखांजूर, माना बस्ती रायपुर में शरणार्थी केम्प बनाकर बसाया गया था।

### आबकारी घोटाला

## सरकार ने दी 21 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन की अनुमति

**रायपुर, 18 मई।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले की जांच के बीच सरकार ने एक अहम फैसला लिया है. राज्य सरकार ने इस घोटाले में संलिप्त 21 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति दे दी है, जिससे अब उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया है. ईओडब्ल्यू ने एफआईआर में कुल 36 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें तत्कालीन एडिशनल डायरेक्टर, ज्वाइंट डायरेक्टर, डिप्टी डायरेक्टर, जिला आबकारी अधिकारी और इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी शामिल हैं. जांच के दौरान ब्यूरो




ने कई अधिकारियों से लंबी पूछताछ की है. अब अभियोजन की स्वीकृति के बाद इन अधिकारियों की जल्द गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है. गौरतलब है कि इस घोटाले में कई राजनेता, पूर्व आईएएस अधिकारी और कारोबारी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं. शासन से मिली मंजूरी के बाद ईओडब्ल्यू द्वारा शनिवार को राज्यभर में 13 ठिकानों पर छापेमारी भी की गई थी, जिससे जुड़े दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक सबूत जब्त किए गए हैं. जांच एजेंसी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आगे की कार्रवाई तेज कर दी है.

### रायपुर में लगेगा देश के प्रमुख विश्वविद्यालयों का मेला

रायपुर, 18 मई। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में रुचि रखने वाले छात्रों और अभिभावकों के लिए एक सुनहरा अवसर रायपुर में दस्तक देने जा रहा है। अफेयर्स एग्जीबिशन एंड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से आयोजित देश के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित हायर एजुकेशन फेयर में से एक 'एडमिशन फेयर 2025' का आयोजन 20 और 21 मई को रायपुर के बैबिलॉन कैपिटल में किया जाएगा। यह दो दिवसीय मेला सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगा और इसमें प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क है। यह फेयर विशेष रूप से कक्षा 12वीं के छात्रों, अभिभावकों तथा वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए है, जो देश और विदेश में उच्च शिक्षा के लिए उपयुक्त विकल्प तलाश रहे हैं। इस एडमिशन फेयर में भारत के 30 से अधिक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय और कॉलेज भाग लेंगे।

## अरुण, पवन या जीपी, इनमें से एक होगा नया डीजीपी, जून में फैसला

**रायपुर, 18 मई।** छत्तीसगढ़ के नए पुलिस मुखिया के लिए तीन नामों का पैनल तैयार हो गया है। यूपीएससी ने इन तीन नामों क्लियरेंस दे दी है। सूत्रों के अनुसार स्थायी डीजीपी बनने में प्रभारी डीजीपी अरुण देव गौतम के साथ ही पवन देव और जीपी सिंह का नाम शामिल है। स्थायी डीजीपी की दौड़ में वर्तमान में प्रभारी डीजीपी अरुणदेव गौतम सबसे आगे हैं।

सरकार अरुण देव को ही प्रभारी के बाद स्थायी डीजीपी बना सकती है। सरकार अगले महीने यानी जून में स्थायी डीजीपी का फैसला कर लेगी। सूत्रों के मुताबिक, यूपीएससी से सीएम सचिवालय फाइल और लेटर आ चुका है। राज्य सरकार के जिम्मेदारों ने यूपीएससी से आए पत्र पर अंतिम निर्णय लेने की कवायद शुरू कर दी है। राज्य सरकार ने 4 फरवरी को आईपीएस अरुण देव गौतम को डीजीपी की अस्थायी जिम्मेदारी दी थी। इस संबंध में गृह विभाग के विशेष सचिव ने निर्देश जारी किया था। जिस समय आईपीएस गौतम को डीजीपी बनाया गया था, उस समय उनके पास नगर सेना एवं नागरिक सुरक्षा नवा रायपुर के महानिदेशक, लोक अभियोजन नवा रायपुर के संचालक की भी जिम्मेदारी थी।

बताया जा रहा है कि आईपीएस अरुण देव गौतम के लिए प्रदेश के नेताओं की लॉबी लगी हुई है। वहीं आईपीएस पवन देव के लिए बिहार के राजनेता लॉबिंग कर रहे हैं। इसी तरह से आईपीएस जीपी सिंह के लिए प्रदेश के राजनेताओं के अलावा दिल्ली के राजनेता और अफसर लॉबिंग कर रहे हैं। इन तीनों में से कोई एक छत्तीसगढ़ पुलिस का स्थायी मुखिया होगा।

सुप्रीम कोर्ट का 2006 का फैसला आज भी राज्यों में डीजीपी (पुलिस प्रमुख) की नियुक्ति के लिए एक दिशा-निर्देश की तरह काम करता है। इस फैसले के मुताबिक, राज्य सरकार को डीजीपी की नियुक्ति के लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा भेजी गई सबसे सीनियर 3 अफसरों की सूची में से किसी एक को चुनना होता है।

साथ ही, जिस अफसर को डीजीपी बनाया जाएगा, वह रिटायरमेंट की तारीख चाहे कुछ भी हो, कम से कम दो साल तक इस पद पर बना रहेगा। डीजीपी बनने के लिए 30 साल की सेवा जरूरी है। इससे पहले स्पेशल केस में भारत सरकार डीजीपी बनाने की अनुमति दे सकती है। छोटे राज्यों में आईपीएस का कैडर छोटा होता है, इसको देखते हुए भारत सरकार ने डीजीपी के लिए 30 साल की सर्विस की जगह 25 साल कर दिया है। मगर बड़े राज्यों के लिए नहीं।

### घेराव



**रायपुर, 18 मई।** पेयजल की समस्या को लेकर परसुलीडीह के लोगों ने जोन 9 कार्यालय का घेराव किया।

## सीजीएसटी ने निकाली साइकिल यात्रा

**रायपुर, 18 मई।** केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) रायपुर द्वारा आज फिट इंडिया मूवमेंट के सहयोग से एक भव्य साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ पराग बोरकर, प्रधान आयुक्त, सीजीएसटी रायपुर द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस साइकिल मैराथन में विभाग के सभी अधिकारी सेंट्रल जीएसटी भवन, टिकरापारा से लेकर गांधी उद्यान, सिविल लाइंस तक साइकिल चलाते हुए पहुँचे। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन गांधी उद्यान में किया गया। इसमें साइकिल मैराथन में भाग ले रहे सभी अधिकारियों के अलावा



उद्योग व्यापार जगत के प्रतिनिधि, कर सलाहकार संगठनों के प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुरूआत में विभाग के संयुक्त आयुक्त श्री अमित चौधरी ने स्वागत भाषण दिया और उन्होंने इस आयोजन के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार अपने अधीनस्थ विभागों में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शारीरिक रूप से फिट रखना चाहती है, साथ ही यह जीएसटी लागू हुए आठवें वर्षगांठ के उत्सव को भी मनाना चाहती है।

### जादू-टोना के सन्देह में हत्याओं की निंदा

**रायपुर, 18 मई।** अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने कहा छत्तीसगढ़ के कांकेर और महासमुंद, दंतेवाड़ा जिले के ग्रामीण अंचल से पिछले सप्ताह टोनही /डायन के सन्देह में 3 हत्याएं हुई हैं, सिर्फ अंधविश्वास, जादू टोने जैसी भ्रामक मान्यताओं पर भरोसा कर किसी निर्दोष महिला एवं उसके परिवार पर हमला करने की घटनाएं, अत्यंत निंदनीय है, दोषियों पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए.समिति इन सभी मामलों में प्रवास कर प्रताड़ित परिवारों से मिलेगी और ग्रामीणों को जागरूक करेगी. डॉ. दिनेश मिश्र ने बताया कि कांकेर से अंधविश्वास का मामला सामने आया है. यहां ग्राम ढकुना के एक व्यक्ति तुलसीराम ने जादू-टोने के शक में 17 वर्षीय नाबालिग लड़की मीनाक्षी मरकाम की कुल्हाड़ी से काट काट कर हत्या कर दी दिया.



इतनी कम उम्र की टोनही प्रताड़ना में हत्या का यह प्रदेश में पहला मामला है. दूसरे मामले में महासमुंद के पास ग्राम सनबाहली में जादू टोना करने का आरोप लगाते हुए एक 75 वर्षीय वृद्ध महिला सनमेत कश्यप की उसके ही पड़ोस में रहने वाले संतोष मांझी ने टांगिया से काट कर हत्या कर दी.

## जनता बिजली-पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए तरस रही, अपराध बेलगाम : कांग्रेस

**रायपुर, 18 मई।** साय सरकार के सुशासन तिहार को राजनैतिक नौटंकी करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद से छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन चुका है। हत्या, लूट, डकैती, चाकूबाजी और दुष्कर्म की घटनाओं में नित नए रिकॉर्ड बन रहे हैं, सरकार में बैठे लोग कमीशनखोरी में मस्त हैं। जनता शिक्षा के गिरते स्तर, अस्पतालों में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था जांच, इलाज़ और दवा की क़िल्लत, महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है लेकिन भाजपा सरकार असल समस्याओं से मुंह छुपा कर आत्ममुग्धता में सुशासन तिहार का इवेंट कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि शांति का टापू कहलाने वाला छत्तीसगढ़ भाजपा के कुशासन में अपराधियों का संरक्षण और संवर्धन स्थली बन गया है। बलरामपुर में रेत तस्कर पुलिस को कुचलकर मार रहे, बीजापुर जिले के भैरमगढ़ में सिपाही भाजपा जिला उपाध्यक्ष जिसे सरकारी सुरक्षा प्राप्त है उसपर गोली चला रहे, भयमुक्त वातावरण देने में यह सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। भाजपा सरकार आने के बाद से छत्तीसगढ़ में हर 3 घंटे में एक बहन बेटी दुष्कर्म का शिकार हो रही, नक्सल मोर्चे पर मुख्यमंत्री के दावे को डिप्टी सीएम और प्रदेश के गृह मंत्री नकार रहे, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार बदहाल, गली गली में नशे का अवैध कारोबार और दावा सुशासन का? प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि विपक्ष में रहते हुए प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी की मांग करने वाले भाजपाइयों की सरकार में शराब के नए-नए दुकान खुल रहे हैं, पुरानी दुकानों की क्षमताएं दुगुनी की गई है अर्थात देसी में अब अंग्रेजी भी मिल रहा है, अंग्रेजी की दुकान पर देसी भी उपलब्ध, प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 57000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं, नई भर्ती करने के बजाय यह सरकार युक्तियुक्त करण और नए सेटअप के नाम पर हजारों सरकारी स्कूलों को मर्ज/बंद करने की तैयारी है, सूखे नशे का कारोबार सत्ता के संरक्षण में फल फूल रहा है।

## लिंग परीक्षण करवाकर 3 बार करवाया गर्भपात

**रायपुर, 18 मई।** शारदा त्यागी ने प्रेसवार्ता में बताया कि उनकी पुत्री रेखा त्यागी का सुंदर नगर निवासी अमरनाथ त्यागी के पुत्र सूर्यकांत त्यागी से वर्ष 1999 में शादी हुई थी जिसके बाद से ही रेखा को लगातार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा है। इसके साथ ही त्यागी पिता-बेटा द्वारा छलपूर्वक उनकी पुत्री रेखा के अधिकार एवं हक की वसीयतशुदा भूमि जो कि ग्राम - जोरा में स्थित है जिसका रकबा तकरीबन 6.5 एकड़ है को कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अपने नाम पर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवा लिया गया है।

त्यागी ने बताया कि उनकी पुत्री रेखा की



सूर्यकांत त्यागी से शादी के पश्चात पुत्र की चाह में 3 बार त्यागी पिता एवं उसके कुपुत्र द्वारा रेखा का जबरदस्ती दबावपूर्वक गर्भपात करवाया गया, इतना ही नहीं जब चौथी बार लिंग परीक्षण में पुत्र होने की जानकारी हुई तो उन्होंने निर्धारित तिथि के 4 दिन बाद उसे अस्पताल लेकर गए क्योंकि उनका कहना था कि शुभ मुहरत में ही डिलीवरी कराना है जिससे घर में स्वयं राम जन्म लेंगे, इस लापरवाही के चलते रेखा का पुत्र मृत्य पैदा हुआ है। इस दौरान रेखा ने अपने चाचा ससुर हरिसिंह त्यागी को अपनी आपबीती बताते हुए उनसे मदद मांगी जिस पर चाचा ससुर हरिसिंह द्वारा रेखा को सुरक्षित मेरठ उसके मायके लाया गया। शारदा ने प्रेस को जानकारी दी कि पूर्व में भी अमरनाथ एवं उसके पुत्र के खिलाफ तेलीबांधा थाना में तत्कालीन थाना प्रभारी को शिकायत की गई थी परंतु आज दिनांक तक उस शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26